उज्जैन
मंगलवार
19
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-195
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



महवश ने चहल संग रिश्ते की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी युजवेंद्र को एक अच्छे दोस्त की जरूरत थी, मैं दोस्ती अच्छे से निभाती हूं

पेज- 8

## राहुल गांधी लखनऊ के लिए रवाना, 2 दिन रायबरेली-अमेठी में रहेंगे



**रायबरेली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल आज से दो दिन के यूपी दौरे पर हैं। इस दौरान वे रायबरेली और अमेठी में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे और विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे। राहुल गांधी मंगलवार सुबह 9.30 बजे दिल्ली से लखनऊ के लिए रवाना हुए। यहां से राहुल सड़क मार्ग से रायबरेली जाएंगे। वे बछरावां में मैरिज हॉल का उद्घाटन करेंगे। खीरों में जनसभा करेंगे। फिर लालगंज में महिला संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। राहुल कल यानी 20 मई को राहुल गांधी जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मिलेंगे। स्वतंत्रता सेनानी वीरा पासी की मूर्ति का अनावरण करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। फिर अमेठी रवाना हो जाएंगे।

## अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी, 5 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में सोमवार को गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी। दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरूआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है।

## पश्चिम बंगाल में इमाम मौलवी और पुजारियों को मिलने वाला मानदेय बंद



**कोलकाता।** सुवेंदु सरकार ने पश्चिम बंगाल में धार्मिक आधार पर दिए जा रहे मानदेय और सहायता संबंधी योजनाओं को बंद करने का बड़ा फैसला लिया है। राज्य मंत्रिमंडल की सोमवार को हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इमाम, मुअज्जिन और पुरोहितों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता योजनाएं जून 2026 से समाप्त कर दी जाएंगी। सरकार के इस फैसले के बाद राज्य की राजनीति में नई बहस शुरू हो गई है और इसे एक बड़े नीतिगत बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है।

## अभिषेक बनर्जी अपने खिलाफ एफआईआर रद्द कराने हाईकोर्ट पहुंचे

**कोलकाता।** ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द कराने के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। उनपर बंगाल विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण देने और गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ धमकी भरा बयान देने का आरोप है। टीएमसी सांसद और वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने कहा कि मामला 21 मई को जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की बेंच के सामने सुनवाई के लिए आ सकता है। याचिका में एफआईआर रद्द करने की मांग की गई है। यह मामला सामाजिक कार्यकर्ता राजीब सरकार की शिकायत पर दर्ज हुआ। उन्होंने चुनाव नतीजे घोषित होने के एक दिन बाद 5 मई को बागुईआटी पुलिस स्टेशन में शिकायत दी थी।

### शराब कारोबारी को हनीट्रैप में फंसाकर एक करोड़ रुपए की वसूली करने का सनसनीखेज मामला सामने आया

# श्वेता जैन को इंदौर क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में शराब कारोबारी को हनीट्रैप में फंसाकर एक करोड़ रुपए की वसूली करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अपराध शाखा ने कार्रवाई करते हुए एक महिला शराब तस्कर, उसके बेटे, एक प्रॉपर्टी कारोबारी और इंटेलिजेंस शाखा में पदस्थ प्रधान आरक्षक को भी हिरासत में लिया है। आरोप है कि गैंग कारोबारी के निजी फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर करोड़ों रुपए की डिमांड कर रहा था।

2019 में हनी ट्रेप की किरदार श्वेता जैन ही इस ट्रेप की मास्टरमाइंड बताई जा रही हैं। उसे एक नए मामले में इंदौर क्राइम ब्रांच पुलिस ने सोमवार को हिरासत में लिया है। शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह चौहान को फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर एक करोड़ रुपए की उगाही करने के मामले में पुलिस ने यह कार्रवाई की है।



फरियादी के मुताबिक कुछ समय पहले लाखन दोबारा मिला और धमकी भरे अंदाज में कहा कि अलका के साथ 50 प्रतिशत की साझेदारी करनी होगी, वरना परिणाम गंभीर होंगे। कारोबारी ने फिर भी उनकी बात नहीं मानी। करीब 20 दिन पहले कारोबारी किसी काम से सुपर कॉरिडोर क्षेत्र गया था। इसी दौरान अलका दीक्षित अपने बेटे जयदीप और लाखन के साथ वहां पहुंची।

### श्वेता को भोपाल से हिरासत में लिया

शाम करीब चार बजे भोपाल के मीनाल रेसीडेंसी से श्वेता जैन को हिरासत में लिया, पूछताछ के लिए उसे इंदौर लाया गया है। श्वेता जैन मध्य प्रदेश के चर्चित हनी ट्रैप मामले की प्रमुख आरोपियों में शामिल रही हैं। वर्ष 2019 में सामने आए इस मामले में नेताओं, अफसरों को ब्लैकमेल करने के आरोप लगे थे। हालांकि श्वेता को लेकर अभी पुलिस ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है।

### शराब कारोबारी को जाल में फंसाया

डीसीपी (क्राइम) राजेश त्रिपाठी के मुताबिक बाणगंगा थाना क्षेत्र में रहने वाले 45 वर्षीय शराब कारोबारी ने शिकायत दर्ज कराई थी। कारोबारी शराब के साथ प्रॉपर्टी कारोबार से भी जुड़ा हुआ है। उसकी कुछ वर्ष पहले द्वारकापुरी निवासी अलका दीक्षित से पहचान हुई थी। अलका अवैध शराब तस्करी से जुड़ी रही है और उसके खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि अलका ने कारोबारी की मुलाकात खंडवा-पीथमपुर निवासी लाखन चौधरी से करवाई थी। लाखन ने खुद को बड़ा निवेशक बताते हुए देवास, धार, खंडवा और आसपास के क्षेत्रों में प्रॉपर्टी बिजनेस में साझेदारी का प्रस्ताव दिया।

## खजुराहो में तापमान 46.8 डिग्री

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में जैसे आग बरस रही है। सोमवार को पूरा प्रदेश तप गया। छतरपुर के खजुराहो में पारा रिकॉर्ड 46.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि नौगांव में 46 डिग्री रहा। प्रदेश के 22 शहर ऐसे रहे, जहां सीजन में पहली बार अधिकतम तापमान 44 डिग्री या इससे अधिक रहा। भोपाल में तापमान 44 डिग्री रहा। इससे यहां सड़कें पिघल गईं।

मौसम विभाग के अनुसार, इस सीजन में मई में पहली बार सोमवार को पूरा मध्य प्रदेश तपा। खजुराहो में इतिहास का दूसरा सबसे गर्म दिन रहा। इससे पहले 29 अप्रैल 1993 को पारा 46.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।



इंदौर में 44.3 डिग्री, ग्वालियर में 43.7 डिग्री, उज्जैन में 44 डिग्री और जबलपुर में तापमान 44.2 डिग्री सेल्सियस रहा। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर में पिछले साल से भी ज्यादा गर्मी रही।

## आज से पेट्रोल-डीजल 90 पैसे महंगा हुआ



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश में पेट्रोल और डीजल आज 19 मई से औसतन 90-90 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। पांच दिन में ईंधन के दामों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई, शुक्रवार को ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3-3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी।


## ईरान जंग के बीच 8000 पाकिस्तानी सैनिक सऊदी में तैनात, खर्च सऊदी सरकार उठाएगी

ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव

ईरान जंग के बीच पाकिस्तान ने सऊदी अरब में 8 हजार सैनिक, फाइटर जेट्स और एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, यह तैनाती दोनों देशों के बीच हुए रक्षा समझौते के तहत की गई है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने करीब 16 जेएफ-17 फाइटर जेट्स, ड्रोन स्क्वाड्रन और चीन में बने एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम भी सऊदी अरब भेजे हैं। पाकिस्तानी सैनिक इन्हें ऑपरेट कर रहे हैं, जबकि खर्च सऊदी अरब उठा रहा है।

जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान और सैनिक भेजने के लिए भी तैयार है। हालांकि पाकिस्तान की सेना, विदेश मंत्रालय और सऊदी सरकार ने इस पर



कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

इस बीच ईरान ने अमेरिका सो होर्मुज की नाकाबंदी खत्म करने को कहा है। ऐसा न करने पर ओमान सागर को अमेरिकी सेना का कब्रगाह बनाने की धमकी दी है।

**यूएई के न्यूक्लियर प्लांट पर ड्रोन हमला:** यूएई के बराकाह परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बाहर ड्रोन हमले के बाद आग लग गई। शुरूआती जांच में ईरान पर शक जताया जा रहा है। यह पहली बार है जब वअए के न्यूक्लियर प्लांट को निशाना बनाया गया।

### पादरियों की हत्या और 14 कुकी नागरिकों को बंधक बनाने का विरोध

# मणिपुर में नेशनल हाइवे 5 दिन से बंद

ब्रह्मास्त्र ›› इंफाल

मणिपुर की लाइफलाइन माना जाने वाला नेशनल हाईवे 2 पिछले पांच दिनों से पूरी तरह ठप पड़ा है। प्रधानमंत्री को सौंपे गए मांग पत्र पर कोई प्रगति न होने और सेनापति से अगवा किए गए 14 कुकी नागरिकों को छुड़ाने में सरकार की विफलता के विरोध में यह बंद लगाया गया है।

**1000 से ज्यादा ट्रक-गाड़ियां फंसी**

इसके कारण सेनापति जिले के खोंग्नेम से टी. खुल्लेन के बीच एक हजार से ज्यादा ट्रक, बस जैसे वाहन फंसे हुए हैं। इस बीच कुकी इन्पी संगठन ने सोमवार को बंद की अवधि 48 घंटे के लिए बढ़ा दिया।




बंद में फंसे ट्रक चालक, खलासी और यात्री अपने वाहनों के पास ही खुले आसमान के नीचे रातें काटने को मजबूर हैं। क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क बेहद कमजोर होने के कारण वे अपने परिवारों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। फंसे हुए लोगों के पास खाने-पीने की सामग्री और राशन पूरी तरह खत्म हो चुका है। स्थानीय बाजार से उन्हें चीजें ऊंची कीमतों पर मिल रही हैं। प्रशासन की ओर से कोई व्यापक राहत सामग्री नहीं पहुंचाई जा सकी है, जिससे कई के सामने भूखे रहने की नौबत आ गई है। सैकड़ों तेल और एलपीजी टैंकरों के रास्ते में फंसने से राज्य के कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन खत्म हो चुका है। मालोम तेल डिपो में स्टॉक होने के बावजूद टैंकरों की कमी और ट्रांसपोर्टरों द्वारा कम लोडिंग शुल्क के विरोध के कारण खुदरा पंपों तक सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है।



## खबर एक नजर...

### सूरत से मुरैना की यात्रा कर रहे युवक की मौत

**उज्जैन।** बस में सूरत से मुरैना की यात्रा कर रहे युवक की तबीयत बिगड़ गई। उसे इंगोरिया में उतारा गया और स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। जहां से उज्जैन रैफर किया गया लेकिन रास्ते में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मुरैना के महुआ में रहने वाला मोनू पिता हरवीरसिंह 40 साल सूरत में एम्ब्रॉयडरी मशीन का काम करता था। सोमवार को बस से मुरैना लौट रहा था। रास्ते में अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसके साथ मुरैना का रहने वाला युवक था। उसने इंगोरिया में बस से उतारा और लोगों की मदद से स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचा। जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर कर दिया। 108 एम्बुलेंस रात 8 बजे के लगभग चरक अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण किया और ईसीजी कराया गया। लेकिन युवक की सांसे थम चुकी थी। आशंका जताई गई है कि युवक को दिल का दौरा पड़ा था। शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख मामले की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई है। युवक के परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### भागवत पुराण के 108 मूल पाठ वाचन की आज पूर्णाहुति

**उज्जैन।** नृसिंह घाट रोड स्थित समन्वय निलयम आश्रम में 13 मई ब्रह्मलीन सत्यमित्रानंद गिरि के पूजन के बाद पंडितों द्वारा भागवत पुराण के मूल पाठ का 108 बार वाचन प्रारंभ किया गया। प्रो. बीएल शर्मा के अनुसार अनुष्ठान का आयोजन 30 मातृशक्तियों ने किया है। कार्यक्रम का समापन 19 मई को पूर्णाहुति के साथ होगा। अनुष्ठान के मुख्य लाभार्थी सुरेश मोढ़ हैं।

### अधिक मास के दूसरे दिन अंकपात मार्ग पर मोती बंगला दर्शन



**उज्जैन।** अधिक मास के दूसरे दिन अंकपात मार्ग स्थित महाप्रभु की बैठक पर सोमवार शाम 7 बजे मोती बंगला के दर्शन कराए गए। दर्शन आयोजन ट्रस्टी विठ्ठल नागर के नेतृत्व में हुआ, जिसमें सैकड़ों वैष्णवों ने उपस्थित होकर दर्शन का लाभ लिया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया निर्धारित समय पर दर्शन शुरू किए गए और श्रद्धालुओं ने क्रमबद्ध रूप से मोती बंगला के दर्शन किए।

### निगम आयुक्त द्वारा वार्ड क्र. 7 एवं 26 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 अंतर्गत उज्जैन शहर में सफाई व्यवस्था का कार्य नियमित रूप से जारी है जहां कोई कमी परिलक्षित होती है निगम आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए उसका समाधान करवाया जाता है साथ ही आयुक्त द्वारा खुद भी वार्डों में सफाई कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है इसी क्रम में निगम आयुक्त द्वारा सोमवार को सफाई व्यवस्था निरीक्षण के क्रम में वार्ड क्रमांक 7 एवं वार्ड क्रमांक 26 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 07 में होटल के पास गंदगी एवं डिस्पोजल नाली में पाए जाने पर कार्यवाही के निर्देश जोनल अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक को दिए साथ ही गली में सीवर लाइन से कनेक्शन के बावजूद नाली में गंदा पानी मिलने पर लोगो से बात भी निर्देशित किया कि जिसके कनेक्शन सीवर लाइन से नही जुड़े है उन्हें तत्काल करवाए एवं नाली के ऊपर अतिक्रमण हटाकर सफाई करने हेतु निर्देशित किया साथ ही नालियों के ऊपर अवैध अतिक्रमण नहीं हो ताकि सफाई कार्य करने में सफाई मित्रों को परेशानी ना हो प्रमुख चौराहे, गली मोहल्ले साफ एवं स्वच्छ रहे कहीं पर भी कचरे का ढेर नहीं दिखना चाहिए।

# सरकारी जमीन को निजी बताकर सौदा

## महाकाल की पार्किंग की सरकारी जमीन भाजपा विधायक को बेच दी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**




उज्जैन में महाकाल मंदिर की पार्किंग के लिए इस्तेमाल हो रही जमीन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि पहले सरकारी रिकॉर्ड की जमीन को निजी बनाया गया, फिर उसका सौदा भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय की कंपनी से कर दिया गया। अब इसी जमीन पर फाइव स्टार होटल बनाने की तैयारी है।

मामला करीब 45 हजार वर्गफीट जमीन से जुड़ा है। यह जमीन 2 मार्च 2026 को यूटोपिया होटल एंड रिसॉर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने 3.82 करोड़ रुपए में खरीदी। कंपनी के डायरेक्टर आलोट से भाजपा विधायक चिंतामणि मालवीय और उनके साझेदार इकबाल सिंह गांधी हैं। शिकायत के मुताबिक, जिन खसरों की जमीन खरीदी गई, उनमें से कुछ हिस्से अभी महाकाल मंदिर पार्किंग के रूप में इस्तेमाल हो रहे हैं।

उज्जैन निवासी और शिकायतकर्ता राजेंद्र कुवाल ने मुख्य सचिव, लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू से दस्तावेजों के साथ शिकायत की है। हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में जनहित याचिका भी दायर की गई है। शिकायत में आरोप है कि जिन खसरों की जमीन खरीदी गई, उनमें से कुछ जमीनें 1950 और 1967-68 के राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय दर्ज थीं।

इनमें से कुछ जमीन का उपयोग अभी महाकाल मंदिर की पार्किंग के रूप में हो रहा है। बाद में मिलीभगत कर इन्हें निजी खातों में दर्ज करा लिया गया। आरोप है कि मालवीय को जमीन के सरकारी होने की जानकारी थी।

इधर, महाकालेश्वर मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक ने कहा- हरिफाटक क्षेत्र में नगर निगम की पार्किंग है। इसके संबंध में अधिक जानकारी नगर निगम से ही मिल सकती है।

शिकायत में आरोप है कि हरि फाटक स्थित इंदौर-उज्जैन रोड की इस जमीन की रजिस्ट्री में कीमत कम दिखाकर सरकार को करीब 3.40 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचाया गया। दस्तावेजों के मुताबिक, इस इलाके की कलेक्टर गाइडलाइन 75,400 रुपए प्रति वर्गमीटर है, लेकिन रजिस्ट्री के समय जमीन का मूल्यांकन 22,500 रुपए प्रति वर्गमीटर के हिसाब से कराया गया। आरोप है कि कमर्शियल जमीन को कृषि भूमि बताकर रजिस्ट्री कराई गई। शिकायतकर्ता के मुताबिक, 4180 वर्गमीटर जमीन की वास्तविक कीमत 31.51 करोड़ रुपए बैठती है। इस हिसाब से करीब 2.99 करोड़ रुपए स्टाम्प शुल्क और 94.55 लाख रुपए पंजीयन शुल्क बनता था। पूरे सौदे में सिर्फ 40.86 लाख रुपए स्टाम्प शुल्क और 12.90 लाख रुपए पंजीयन शुल्क जमा कराया गया। शिकायत में आरोप है कि जमीन पर पहले से बने मैरिज गार्डन, शादी हॉल और लॉन को छिपाकर 1100 वर्गमीटर हिस्से को सिर्फ टिन शेड बताया गया, जिससे टैक्स कम लगे।

- सौदे में खसरा नंबर 3664/1, 3666/1, 3690/1/1 और 3691/1 की जमीन शामिल है। आरोप है कि इनमें से 3664/1 और 3666/1 नंबर की जमीन का उपयोग अभी महाकाल मंदिर पार्किंग के रूप में हो रहा है। इस पर नगर निगम का आधिपत्य है।
- दस्तावेजों के मुताबिक, खसरा नंबर 3664/1 वर्ष 1950 व 3666/1 वर्ष 1967-68 के राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय जमीन के रूप में दर्ज थी।
- आरोप है कि बाद में मिलीभगत कर इन्हें निजी खातों में दर्ज करा लिया गया।
- शिकायत में यह भी कहा गया है कि इससे सटी 3667/1 और 3667/2 नंबर की जमीनों को 2020 में फिर से सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज किया गया था। वहीं 3664/1 और 3666/1 को दोबारा शासकीय घोषित करने का मामला अभी उज्जैन एसडीएम कोर्ट में लंबित है।
- विधायक बोले- जो दस्तावेजों में दर्ज था, उसी हिसाब से रजिस्ट्री दस्तावेजों में जो दर्ज था, उसी आधार पर रजिस्ट्री कराई गई है। स्टाम्प और पंजीयन शुल्क नियमानुसार जमा किया गया। पूरी प्रक्रिया कानूनी तरीके से हुई है। लगाए गए आरोप झूठे और द्वेषपूर्ण हैं।' -चिंतामणि मालवीय, विधायक आलोट व डायरेक्टर, यूटोपिया होटल एंड रिसॉर्ट प्रा.लि.

# कचरे के बदले मिलेगा खाना और सामान

## बस स्टैंड पर खुलेगा कचरा कैफे, कचरा प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करना उद्देश्य

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**




उज्जैन में नगर निगम 'कचरा कैफे' शुरू करने जा रहा है। यहां नागरिक सूखा कचरा देकर खाद्य सामग्री और जरूरत का सामान प्राप्त कर सकेंगे। यह कैफे नानाखेड़ा बस स्टैंड परिसर में बनाया जाएगा। नगर निगम ने स्वच्छता और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की है। 'उज्जैन कचरा कैफे' नानाखेड़ा बस स्टैंड परिसर में करीब 2500 वर्गफीट क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। यहां लोग प्लास्टिक, कागज, कार्डबोर्ड और अन्य सूखा कचरा जमा कर भोजन,नाश्ता या दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाना और नागरिकों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है। निगम का लक्ष्य कचरे को अलग-अलग (सेग्रिगेट) करने की आदत विकसित करना है, जिससे रीसाइक्लिंग और प्रोसेसिंग बेहतर हो सके।

**युवाओं को मिलेगा रोजगार-** कैफे का संचालन स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे निगम का मानना है कि यह मॉडल शहर के स्वच्छता अभियान को नई दिशा देगा। कैफे की स्थापना रॉयल्टी मॉडल होगा। इसमें नगर निगम किसी भी तरह से भुगतान नहीं करेगा इसमें जो भी एजेंसी आएगी वो ज्यादा रॉयल्टी देने का प्रस्ताव देगी उसे ही काम दिया जाएगा। तीन दिन के भीतर तीन माह की एडवांस रॉयल्टी जमा करना होगी। वही 50 हजार की परफॉर्मेंस गारंटी निगम में देना होगी जो टेंडर लेगा उसे वही कचरे की लॉग बुक भी रखना होगी नगर निगम ने कैफे के लिए जगह चिन्हित कर ली है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यदि यह प्रयोग सफल रहता है, तो उज्जैन के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे कचरा कैफे खोले जाएंगे।

**स्वच्छता के साथ-साथ रोजगार को बढ़ाएंगे-** नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने कहा- कचरा कैफे के जरिए हम स्वच्छता के साथ-साथ रोजगार को भी बढ़ावा देना चाहते हैं। कचरे की वैल्यू को समझते हुए उसे सही तरीके से अलग करना और उपयोग में लाना जरूरी है। हमें उम्मीद है कि शहरवासियों का अच्छा सहयोग मिलेगा और यह पहल उज्जैन में एक मॉडल के रूप में विकसित होगी। अभी टेंडर निकाले है उसके बाद सर्वे होगा कुछ खास जगह चिन्हित करेंगे बस स्टैंड, मार्केट और भी जगह।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस की रैली

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में शहर कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में एक विशाल रैली निकाली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। रैली की शुरूआत पिपली नाका चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए अनंतपथ स्थित एक पेट्रोल पंप पर समाप्त हुई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, वहीं महिला कार्यकर्ता गैस सिलेंडर लेकर प्रदर्शन में शामिल हुईं। नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही केंद्र सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार जनता से टैक्स वसूल रही है, लेकिन रोजगार और राहत प्रदान करने में विफल साबित हो रही है। राय ने आगे कहा कि देश का आम नागरिक दिन-रात मेहनत कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है, लेकिन पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस के बढ़ते दामों ने उनका बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने दावा किया कि पेट्रोल-डीजल पर भारी टैक्स वसूला जा रहा है और मध्यप्रदेश में यह टैक्स दर सर्वाधिक है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार केवल बड़े-बड़े विज्ञापन और इवेंट के जरिए विकास दिखाने का प्रयास कर रही है, जबकि आम आदमी महंगाई से जूझ रहा है। उन्होंने सरकार से पेट्रोल-डीजल और घरेलू गैस पर टैक्स कम कर जनता को तत्काल राहत देने की मांग की।

# साधु के भेष में मंदिर में गुंडातत्व, पुजारी महासंघ का आरोप

## हंगामा करने वाली किन्नर साध्वी पर एफआईआर दर्ज कर 'पुजारी सुरक्षा एक्ट' लागू करने की मांग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन के प्राचीन गढ़कालिका मंदिर में रविवार को हुए विवाद के बाद पुजारियों और मंदिर से जुड़े संगठनों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। अघोरी किन्नर साध्वी द्वारा मंदिर परिसर में हंगामा किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए मध्यप्रदेश में ह्यपुजारी सुरक्षा एक्टह्न लागू करने की मांग उठाई है। साथ ही कलेक्टर और प्रशासन से मामले में एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने बताया कि 17 मई को मंदिर परिसर में एक किन्नर साध्वी ने जमकर अराजकता फैलाई। आरोप है कि उन्होंने पुजारियों और मंदिर कर्मचारियों के साथ अभद्रता और गाली-गलौज की। इतना ही नहीं, निर्वस्त्र होकर पेट्रोल डाल आत्मदाह का प्रयास भी किया और मंदिर प्रबंधन पर कई आरोप लगाए।

महासंघ का कहना है कि सार्वजनिक स्थल पर आत्मदाह का प्रयास करना या इस प्रकार का माहौल बनाना कानूनन अपराध है। इसलिए प्रशासन को पूरे मामले में तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज करना चाहिए। पुजारी महासंघ ने आरोप लगाया कि मंदिरों में साधु-संतों के वेश में कुछ लोग लगातार दबंगई कर रहे हैं। ये लोग मंदिर समितियों के नियमों और परंपराओं का पालन नहीं करते तथा धार्मिक स्थलों की मर्यादा भंग करते हैं। महासंघ ने कहा कि ऐसे लोगों के कारण पुजारियों और स्थानीय श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महासंघ ने यह भी कहा कि यदि ऐसे विवादित तत्वों पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई, तो आगामी सिंहस्थ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में व्यवस्थाएं संभालना कठिन हो जाएगा। करोड़ों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में इस प्रकार की घटनाएं कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती हैं। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने सरकार से मांग की है कि जिस प्रकार अस्पतालों में डॉक्टरों, कर्मचारियों और सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून लागू किए गए हैं, उसी तरह मंदिरों और पुजारियों की सुरक्षा के लिए भी अलग कानून बनाया जाए। महासंघ का कहना है कि पुजारी सुरक्षा एक्ट लागू कर धार्मिक स्थलों पर काम करने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए।

उज्जैन
मंगलवार
19
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकं प्रच्छन्नगुप्तं धनम्
विद्या भोगकरी यशः सुखकरी विद्या गुरूणां गुरुः।

**अर्थः** ज्ञान मनुष्य का विशेष रूप है, यह छिपा हुआ धन है। वह भोग की दाता, यश की दाता और उपकारी है। विद्या गुरुओं की गुरु है, विदेश में वह मनुष्य की भाई है। विद्या महान देवता है; राजाओं में ज्ञान की पूजा होती है, धन की नहीं। इसलिए वह बिना शिक्षा वाला जानवर है।

## खबर एक नजर...

### टैंकर चालक को झपकी लगी, बाइक को मारी टक्कर; मां और दो बच्चों की मौत

**इंदौर।** धार रोड स्थित हाई लिंक सिटी के सामने सोमवार सुबह दर्दनाक हादसे में एक महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। परिवार के छह लोग एक बाइक पर पगड़ी कार्यक्रम में शामिल होने देवास जा रहे थे। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार हादसा सुबह 7:30 बजे हुआ। हादसे में 1 साल की संतोषी, उसका 2 वर्षीय भाई रोहन की मौके पर मौत हो गई। 28 वर्षीय मां अनिता देवड़ा की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि बच्चों के आधे सिर ही बचे थे। चंदन नगर टीआई तिलक करोले ने बताया कि अनिता का पति अशोक, 4 साल की बेटी वैष्णवी निवासी नौरंगपुरा और भानजा राजेश (25), निवासी ग्राम सेंडल घायल हैं। टैंकर चालक अमित वैष्णव, निवासी जालौर, राजस्थान, को गिरफ्तार कर लिया है। लखन देवड़ा ने बताया कि उनका बड़ा बेटा अशोक परिवार को लेकर बाइक पर देवास जा रहे थे।

### पीजी छात्र रात 2 बजे मोबाइल पर बात करते 5वीं मंजिल से कूंदा, मौत

**इंदौर।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज से मेडिसन में पोस्ट ग्रेजुएट(पीजी) कर रहे डॉ. अमन शर्मा ने रविवार रात हॉस्टल की 5वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। साथी छात्रों ने बताया कि घटना के कुछ देर पहले वह किसी से मोबाइल पर बात कर रहा था। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। एसीपी संयोगितागंज तुषार सिंह के मुताबिक अमन पटेल (30) मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल ब्लॉक-5 में रहता था। वह मूल रूप से जबलपुर का रहने वाला था। रविवार रात करीब 2 बजे धमाके की तेज आवाज सुनकर हॉस्टल के अन्य छात्रों ने देखा तो अमन नीचे लहूलुहान पड़ा था। छात्र उसे अस्पताल ले जाते, उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण प्रेम प्रसंग लग रहा है। मोबाइल जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। डॉ. अमन मेडिसिन विभाग में 2023 बैच के पीजी फाइनल ईयर का छात्र था। कुछ महीनों में उसका पीजी कोर्स पूरा होने वाला था। अमन ने एमबीबीएस की पढ़ाई जबलपुर से की थी।

### इंदौर के रीजनल पार्क में पुलिस का सीक्रेट स्टिंग ऑपरेशन

**इंदौर।** महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा को लेकर राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने रविवार रात रीजनल पार्क क्षेत्र में गुप्त स्टिंग ऑपरेशन चलाकर दो मनचलों को रंगे हाथों पकड़ लिया। ह्लऑपरेशन सिक्रेट मिडनाइटह्व और ह्लऑपरेशन मजनूह्व के तहत की गई इस कार्रवाई में महिला पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में मैदान में उतारा गया था। पुलिस के मुताबिक रीजनल पार्क इलाके से लगातार महिलाओं के साथ छेड़छाड़, सीटी बजाने और फब्तियां कसने की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और एडिशनल डीसीपी मयंक अवस्थी के निर्देश पर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इसके बाद अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें महिला पुलिसकर्मियों और सिविल ड्रेस में पुलिस जवानों को शामिल किया गया। रविवार रात करीब 9 से 10 बजे के बीच दो महिला आरक्षकों को आम युवतियों की तरह सादे कपड़ों में रीजनल पार्क क्षेत्र में भेजा गया। उनके पीछे पुलिस की बैकअप टीम भी तैनात रही। जैसे ही महिला आरक्षक पार्क क्षेत्र में पहुंचीं, वहां मौजूद दो युवकों ने सीटी बजाना शुरू कर दिया। आरोपियों ने हेलो मैडम, आपका नंबर मिलेगा क्या? जैसे कमेंट भी किए। इसी दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने तुरंत उन्हें रोक लिया और पीछे से मौजूद पुलिस टीम ने दोनों युवकों को घेरकर पकड़ लिया।

### अस्पतालों में लू और डिहाइड्रेशन के मरीज बढ़े, डॉक्टर बोले- बुजुर्ग और बच्चों को ज्यादा खतरा

# इंदौर में 44.3 डिग्री पहुंचा टेम्परेचर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में दो दिनों तक तापमान में गिरावट के बाद गर्मी ने फिर तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। तापमान कम होने के बावजूद उमस और तपिश बनी हुई थी, सोमवार को तापमान 44.3 (+4) डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। यह सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। इससे पहले साल 2024 में पारा 44 डिग्री पर पहुंचा था।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, आने वाले दिनों में गर्मी का असर और बढ़ सकता है। गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग पसीने से तरबतर रहे। छुट्टी का दिन होने के बावजूद घरों में भी गर्मी से राहत नहीं मिली। हालात ऐसे रहे कि पंखों का असर भी कम नजर आया। तेज गर्मी और धूप के कारण लू और डिहाइड्रेशन के मामलों में भी बढ़ोतरी होने लगी है।

सरकारी एमवायएच के सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव के मुताबिक, ओपीडी में डिहाइड्रेशन, शरीर दर्द और




तेज बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ी है। उन्होंने बताया कि तापमान बढ़ने से लोगों को चक्कर आना, उल्टी और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो रही हैं।

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि ओपीडी में डिहाइड्रेशन के मामलों के अलावा जिले में स्थापित 40 हीट स्ट्रोक क्लिनिक बनाए गए हैं। जिला स्तर के प्रत्येक अस्पताल में गर्मी से संबंधित आपात स्थितियों के लिए विशेष वार्ड संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

- डॉक्टरों का कहना है कि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चे और 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। वहीं अस्थमा, हृदय रोग और डायबिटीज जैसी पहले से मौजूद बीमारियों से पीड़ित लोगों में भी खतरा बढ़ गया है। लोगों को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच सीधे धूप में निकलने से बचने की सलाह दी गई है।
- प्रशासन ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंपों की मरम्मत और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए हैं ताकि डिहाइड्रेशन के बढ़ते मामलों को रोका जा सके। नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उन्हें अत्यधिक कमजोरी, मुंह सूखना जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें।

### गर्मी से बचाव के उपाय

- प्रतिदिन 3 से 4 लीटर पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स का सेवन करें। नारियल पानी और छाछ भी लाभकारी हैं।
- मौसमी फल, दाल-चावल जैसे हल्के भोजन को प्राथमिकता दें। तला-भुना, मसालेदार और जंक फूड से बचें।
- बाहर निकलते समय ढीले, हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और टोपी या छाते का उपयोग करें।

# 12 बजे कार में सोई, 3 बजे बेसुध मिली बच्ची

### मासूम की मौत के बाद घर में गम का माहौल, इंदौर पुलिस कराएगी कार की मैकेनिकल जांच

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र की नंदनवन कॉलोनी में चार साल की मासूम बच्ची की कार में दम घुटने से मौत हो गई। मामले में अब पुलिस कार की मैकेनिकल जांच कराएगी। वहीं, घटना के बाद परिवार के लोग बच्ची की मां को संभालने के साथ उनकी काउंसलिंग भी कर रहे हैं।

जूनी इंदौर टीआई अनिल गुप्ता के मुताबिक, नंदनवन कॉलोनी निवासी हसन नूर की चार वर्षीय बेटी हाजरा की रविवार को मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दोपहर



करीब 12 बजे बच्ची कार में सो गई थी। करीब 3 बजे जब उसे देखा गया, तब वह बेसुध हालत में मिली। इसके बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि अभी परिवार के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। जांच में जो भी लापरवाही सामने आएगी, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। परिवार के बयान लेने के साथ कार की मैकेनिकल जांच भी कराई जाएगी। फिलहाल पुलिस मौत के सही कारण जानने के लिए पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

**बच्ची की मौत के बाद सदमे में परिवार-** परिवार के परिचितों ने बताया कि घटना के बाद से घर में गम का माहौल है। हसन नूर के तीन बच्चे हैं, जिनमें एक बड़ी बेटी, हाजरा और एक छोटा बेटा शामिल है। बेटा अभी काफी छोटा है, इसलिए परिवार के लोग मां का विशेष ध्यान रख रहे हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के सदस्य लगातार मां को संभालने और समझाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी काउंसलिंग भी की जा रही है, ताकि वे खुद को संभाल सकें और बाकी दो बच्चों का भी ध्यान रख पाएं। सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद घर पर रिश्तेदारों और परिचितों का आना-जाना लगा रहा।

## दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सागौर पुलिस ने 11 दिन बाद एक नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद कर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पीड़िता के बयानों के आधार पर पुलिस ने मामले में अपहरण के साथ-साथ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराएं भी जोड़ी हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। यह मामला 6 मई 2026 को सागौर थाने में दर्ज एक रिपोर्ट से शुरू हुआ था। फरियादी ने शिकायत की थी कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए, सागौर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम को 17 मई 2026 को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि आरोपी लड़की को लेकर राजगढ़ में छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी की और आरोपी मनीष पिता मोतीराम पंवार (25 वर्ष), निवासी ग्राम हातोद, हाल मुकाम ब्रह्माकुण्डी, जिला धार के कब्जे से नाबालिग लड़की को सुरक्षित बरामद कर लिया।

# 27 एमएम का दिल का छेद, डॉक्टरों ने 20 मिनट में दी नई जिंदगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक किसान परिवार के लिए उस समय उम्मीद की नई किरण जगी जब डॉक्टरों ने 16 वर्षीय किशोर के दिल में मौजूद 27 एमएम के बड़े छेद का सफल इलाज कर उसे नया जीवन दिया। खास बात यह कि आधुनिक तकनीक से मात्र 20 मिनट में की गई इस जटिल सर्जरी के बाद अब किशोर की हालत में तेजी से सुधार हो रहा है।

मामला खंडवा पास गांव में रहने वाले किशोर का है। पिछले छह महीनों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से परेशान था। उसे लगातार थकान, घबराहट, सांस फूलना और कमजोरी महसूस होती थी। पिछले दो महीनों में उसकी हालत इतनी बिगड़ गई थी कि वह कई बार अचानक बेहोश भी हो जाता था। परिवार ने कई जगह इलाज करवाने की कोशिश की,



लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण महंगा इलाज संभव नहीं हो पा रहा था। इसके बाद किशोर को 15 मई को इंडेक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लाया गया, जहां जांच में उसके दिल में 27 एमएम का बड़ा छेद पाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि वह ह्यएट्रियल सेप्टल डिफेक्टह्न नामक जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित था। इस बीमारी में दिल के ऊपरी दोनों चेम्बर्स के बीच छेद हो जाता है, जिससे शरीर में रक्त संचार प्रभावित होने लगता है। समय पर इलाज नहीं मिलने पर यह बीमारी जानलेवा भी साबित हो सकती है।

**पैरों की नसों के माध्यम से कैथेटर डालकर दिल तक पहुंचाया-** पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी एक्सपर्ट डॉ. सुदीप वर्मा ने बताया कि इस केस में 16 मई को ओपन हार्ट सर्जरी की बजाय आधुनिक इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी तकनीक से ऑपरेशन किया गया। इस प्रक्रिया में पैरों की नसों के माध्यम से कैथेटर डालकर दिल तक पहुंचाया गया। फिर विशेष एएसडी डिवाइस और सेप्टल ऑक्लूडर लगाकर छेद को बंद किया गया। पूरी प्रोसेस लगभग 20 मिनट में पूरी हो गई। डॉक्टरों के अनुसार इस तकनीक में बड़े चीरे की आवश्यकता नहीं पड़ती, जिससे मरीज जल्दी स्वस्थ होता है और संक्रमण का खतरा भी काफी कम रहता है। किशोर अभी एडमिट है और उसे जल्द डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

**आयुष्मान योजना बनी परिवार के लिए राहत-** खास बात यह रही कि किशोर का इलाज आयुष्मान योजना के तहत पूरी तरह फ्री किया गया। इससे आर्थिक रूप से कमजोर किसान परिवार को बड़ी राहत मिली। बच्चे के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल ने उनके बेटे को नया जीवन दिया है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक बच्चों के दिल में छेद होने के प्रमुख लक्षणों में जल्दी थकान महसूस होना, सांस फूलना, बार-बार घबराहट होना, कमजोरी और वजन कम बढ़ना, सीने में दर्द या धड़कन तेज होना, बार-बार बेहोश होना, खेलकूद या शारीरिक गतिविधियों में परेशानी होना आदि हैं।

## खबर एक नजर...

### श्री वल्लभ वैष्णव मंडल: आनंद पुरोहित, नूपुर नीमा और अमित नागर बने सह-समन्वयक

**उज्जैन।** श्री वल्लभ वैष्णव मंडल की एक महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक में सर्वसम्मति से तीन नए पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया, जिन्हें संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का जिम्मा सौंपा गया है। मंडल के मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि बैठक के दौरान मंडल के संस्थापक विठ्ठल नागर और सभी बोर्ड सदस्यों की आम सहमति से आनंद पुरोहित, श्रीमती नूपुर नीमा और अमित नागर को सर्वसम्मति से मंडल का सह-समन्वयक निर्वाचित किया गया है। पूरी बोर्ड मीटिंग के दौरान इन नवनियुक्त सह-समन्वयकों को मंडल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और इसके विस्तार की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। न तीनों पदाधिकारियों के सह-समन्वयक निर्वाचित होने पर श्री वल्लभ वैष्णव मंडल के सभी सदस्यों के साथ-साथ युवा मंडल और महिला मंडल में भी हर्ष व्याप्त है। सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### नवनियुक्त जिला एवं अतिरिक्त जिला लोकअभियोजकों का अभिनंदन किया

**उज्जैन।** जिला लोक अभियोजक कार्यालय में 18 मई की शाम 4 बजे मध्य प्रदेश शासन विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार नवनियुक्त जिला लोकअभियोजक रविंन्द्रसिंह कुशवाह एवं अतिरिक्त जिला लोकअभियोजक सर्वश्री मुकेश जैन,मनीष श्रीवास्तव, राहुल विपट, संजय शिन्दे, जयशर्मा, संजय गोयल, अजय पाण्डेय, महेश यादव, हेमंन्त गिरजे,सचिन तेनगुरिया, राजनीष उपाध्याय(खाचरोद), विनोद कुमार व्यास (नागदा), सरदारसिंह चौहान (तराना) का प्रशिक्षित मध्यस्थ ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, पूर्व अध्यक्षद्वेय, दिनेशचन्द्र पंड्या, पंडित योगेश व्यास तथा मंडल अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष-सुरेन्द्र मेहता, योगेंन्द्र पांडे, राधे राजपूत, दीपकसिंह चुण्डावत,राजेन्द्रसिंह असावत, अविनाश मीणा, विवेकसिंह परिहार आदि ने साफा बांधकर, माला,पुष्पमाला से अभिनंन्दन किया।

### दशावतार प्रस्तुति रही आकर्षण का केंद्र, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

# 21वां उत्सव प्रतिकल्पा: 200 कलाकारों ने भरतनाट्यम, लोकनृत्य और फ्यूजन से मोहा मन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रतिकल्पा सांस्कृतिक संस्था द्वारा रेडियो दस्तक और डी पी के ज्वेलर्स के सहयोग से 17 मई को कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में 21वां 'उत्सव प्रतिकल्पा' आयोजित किया गया। इस भव्य आयोजन में 200 कलाकारों ने भरतनाट्यम शैली में दशावतार, श्री कृष्ण स्तुति और श्री गणेश स्तुति के साथ-साथ पारंपरिक लोकनृत्य और बॉलीवुड नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा संस्कृति विभाग के प्रदेश संयोजक कपिल यार्दे, वरिष्ठ समाजसेवी सतिंदर कौर सलूजा, सीएसपी दीपिका शिंदे, भारतीय ज्ञानपीठ कॉलेज की डायरेक्टर सुश्री अमृता कुलश्रेष्ठ और डी पी के ज्वेलर्स के ब्रांच मैनेजर वैभव पितलिया उपस्थित थे। संस्था अध्यक्ष डॉ. शिव चौरसिया ने अतिथियों का शाब्दिक स्वागत किया, जबकि संस्था निदेशक डॉ. पल्लवी किशन ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत कुमार किशन, डॉ. अनिता चौधरी, लोकेश सिंह तोमर, अजय मेहता, प्रीति राजपुरोहित और स्वप्निल केलकर ने किया। सफल संचालन डॉ. वैशाली शुक्ला ने किया।

कार्यक्रम संयोजक कुमार किशन ने बताया कि संस्था पिछले 21 वर्षों से निरंतर नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर रही है। इस वर्ष कार्यशाला में बांग्लादेश की ऑरनी भक्त ने भरतनाट्यम, डॉ. पल्लवी किशन व लोकेश सिंह तोमर ने लोकनृत्य और सोनू जोसफ ने वेस्टर्न डांस का प्रशिक्षण दिया। इन प्रशिक्षकों से गुर सीखने वाले 200 कलाकारों ने मंच पर पारंपरिक गणगौर, लोकगीत 'केसरिया बनड़ा', 'थारी बोली प्यारी लागे' और 'म्हारा हाथ में चुड़लों खनके' पर शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों ने बॉलीवुड शैली में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ नृत्य गुरु डॉ. पल्लवी किशन के निर्देशन में कथक, लोकनृत्य और वेस्टर्न डांस का आकर्षक फ्यूजन प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों की खूब तालियां मिलीं।

#### प्रतिभाएं हुई सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान नृत्य की तीनों विधाओं की सीनियर और जूनियर कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 'बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इनमें भरतनाट्यम के लिए नक्षत्रा निगम व कावेरी कश्यप, लोकनृत्य के लिए युगांशी यादव व पूजा कोडापे तथा वेस्टर्न डांस के लिए मानसा पुष्पाध्याय व अपूर्वा चौहान को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## नौतपा 25 से: 'रुद्र' संवत्सर में दिखेगा गंगा का रौद्र रूप, मालवा में झमाझम बारिश के योग

### सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ 2 जून तक चलेगा तपन चक्र, रोहिणी का वाहन 'गज' होने से कृषि के लिए सुभिक्ष वर्षा का अनुमान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश के साथ ही 25 मई 2026 से नौतपा शुरू हो जाएगा, जो 2 जून 2026 तक चलेगा। इन नौ दिनों तक धरती पर गर्मी का प्रभाव चरम पर रहेगा जिसे तपन चक्र कहा जाता है। वैदिक पंचांग गणना के अनुसार इस वर्ष नौतपा के तपन चक्र से देश सहित मालवा क्षेत्र में सुभिक्ष और संतुलित वर्षा के प्रबल योग बन रहे हैं। इस वर्ष रुद्र नाम संवत्सर है, जिसके प्रभाव से बारिश के मौसम में गंगा का रौद्र स्वरूप देखने को मिलेगा।

श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार इस बार रोहिणी नक्षत्र का वाहन गज है। पारंपरिक ज्योतिष में गज वाहन का सीधा संबंध सुभिक्ष वर्षा से होता है। इसका अर्थ है कि इस वर्ष बिखरी हुई लेकिन खेती के लिए अत्यंत उपयोगी, संतुलित और लाभकारी बारिश होगी। इसके साथ ही इस वर्ष आषाढ़ माह की शुरूआत बुधवार से हो रही है, जिसे कृषि के लिए हितकारी और संतुलित वर्षा का संकेत माना जाता है। वर्षा कारक ग्रहों की स्थिति के कारण ताप का प्रभाव तुलनात्मक रूप से कम रहने तथा बादल बनने के अनुकूल संकेत भी मिल रहे हैं। ग्रामीण परंपरा और लोककथा में कहावत है कि रोहिणी तपे, मृग बरसे। मान्यता है कि नौतपा जितना अधिक तपता है यानी गर्मी प्रबल रहती है, मानसून उतना ही बेहतर होता है।

## कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च, पेट्रोल पंप पर किया प्रदर्शन

### आम नागरिकों ने भी कांग्रेस के इस जनहितैषी आंदोलन की सराहना की

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में शहर कांग्रेस द्वारा निकाले गए विशाल पैदल मार्च का समापन निकास चौराहा स्थित पेट्रोल पंप पर जोरदार प्रदर्शन और सभा के साथ हुआ। इस दौरान मार्ग में आम नागरिकों ने भी कांग्रेस के इस जनहितैषी आंदोलन की सराहना की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन की शुरूआत पीपली नाका चौराहा पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई थी।

कांग्रेस महासचिव अजय राठौर ने बताया कि पैदल मार्च पीपली नाका से शुरू होकर उर्दू पूरा होते हुए निकास चौराहा पेट्रोल पंप पहुंचा। इस दौरान कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां थामे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विभिन्न मार्गों और गलियों से गुजरे। नेताओं ने आम जनता के बीच जाकर सरकार की कमियों और विफलताओं को उजागर किया। निकास चौराहे पर पहुंचकर कार्यकताओं ने पेट्रोल पंप पर प्रदर्शन किया और वहीं सभा का आयोजन कर मार्च का समापन किया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को देश की जनता की समस्याओं का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि देश के हालात दिन-ब-दिन बिगड़ते जा रहे हैं। लोकतंत्र में जनसेवा ही किसी भी नेता का प्रमुख धर्म होता है, लेकिन जन सुविधाओं का ध्यान रखने के बजाय देश के प्रधानमंत्री देश-विदेश के भ्रमण में व्यस्त हैं।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने कहा कि आज बढ़ती महंगाई के कारण मध्यमवर्गीय परिवार बुरी तरह टूट चुका है। आम जनमानस पर महंगाई का जो गहरा असर है, उसे सत्ताधारी दल के नेता देख नहीं पा रहे हैं। इस पैदल मार्च को राजेश राणा, अजीत सिंह ठाकुर और अभिषेक शर्मा ने भी संबोधित किया।

# गंभीर में पानी होने के बावजूद उज्जैन में जल संकट विकराल

## चौड़ीकरण क्षेत्रों में स्थिति भयावह, शहर में आ रहा मात्र 15 मिनट गंदा पानी; लोग पानी खरीदने को मजबूर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। गंभीर बांध में पर्याप्त पानी होने के बावजूद नगर निगम की घोर लापरवाही से शहरवासियों को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। दूषित पानी और कम दबाव से जलापूर्ति की समस्या को लेकर सोमवार को नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा को ज्ञापन सौंपा।



शहर के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है। चौड़ीकरण प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति सबसे ज्यादा खराब है, जहां कई दिनों तक नलों में एक बूंद पानी नहीं आ रहा। मजबूरन नागरिक निजी टैंकरों से पानी खरीदकर अपना गुजारा कर रहे हैं। कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी केवल कोरे आश्वासन दे रहे हैं और जमीनी हालात जस के तस बने हुए हैं। शहर की पानी की टंकियों को उनकी पूरी क्षमता के साथ नहीं भरा जा रहा है, जिससे सप्लाई के दौरान पानी का प्रेशर बेहद कम रहता है। इसके अलावा अधिकांश क्षेत्रों में जो पानी आ रहा है वह अत्यंत गंदा है, जिससे जलजनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. राय ने बताया कि शहर में बमुश्किल 15 मिनट पानी दिया जा रहा है जो नाकाफी है। श नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय के साथ पार्षद माया त्रिवेदी, राजेंद्र वशिष्ठ, सपना सांखला, प्रेमलता रामी, अर्पित दुबे, इमरान, छोटेलाल मंडलोई, फिरोज पठान, मेहताब शाह लाल, सादिक कुरैशी, मोहित जायसवाल और जाहिद पहलवान सहित अन्य कांग्रेस पार्षदगण ने निगम प्रशासन से मांग की गई है कि शहर में हैंडपंप खनन, हैंडपंपों में नई मोटरें डालने और खराब पड़े हैंडपंप व मोटरों को तुरंत सुधारने का कार्य शुरू किया जाए। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही शहर की जनता को पर्याप्त और शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं कराया गया, तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान निगम की ओर से अपर आयुक्त पवन सिंह व संतोष टैगोर, अधीक्षण यंत्री संतोष दुबे और सहायक यंत्री अभिषेक दुबे भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर...

### राष्ट्रीय तेजवीर सेना के देवराम जाट प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**उज्जैन।** राष्ट्रीय तेजवीर सेना संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन जाट सिंघम के निर्देश एवं संगठन के संस्थापक दिलसुख चौधरी की सहमति से देवराम जाट जांगू को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से संगठन में उत्साह का माहौल है। प्रेम जाट एवं उमेश जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय देवराम जाट जांगू को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है, जो सराहनीय निर्णय है। संगठन को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाजहित में बेहतर कार्य किए जाएंगे। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष देवराम जाट जांगू का संगठन एवं सामाजिक संगठनों द्वारा सम्मान किया गया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने एक सामान्य कार्यकर्ता को प्रदेश स्तर की जिम्मेदारी देकर जो विश्वास जताया है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी साथियों को साथ लेकर संगठन को मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा, ताकि पूरे प्रदेश में संगठन का नाम ऊंचा हो सके।

### बेटियों ने किया धमाल.. लगाए चौके छक्के

उज्जैन। क्षीर सागर ग्राउंड पर चल रहे नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में वी डी मार्केट की बेटियों ने जमकर चौके छक्के लगाए। रोमांचक मैच में भवि प्रसन्न जैन ने 82 नाबाद रन बनाए एवं काशवी मनीष चौधरी ने 3 विकेट लेकर टीम नवकार चैलेंज को मैच जीताकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दोनों प्लेयर को गर्ल्स ऑफ मैच भवी जैन एवं काश्वी चौधरी को 1100/ रु का नगद पुरुस्कार मिला। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीश अरविंद जी जैन, धर्मेंद्र सेठी, शैलेंद्र जैन डगवाले, धीरेंद्र जैन, अंतिम जैन, मनीष चौधरी, प्रसन्न जैन टोनी सराओगी, रजत कोठारी आदि विजेता टीम को प्रस्तुत किया।

### पूजन अभिषेक किया एवम भंडारे का आयोजन हुआ

उज्जैन। शनि जयंती के अवसर पर रामघाट स्थित श्री क्षिप्रेश्वर सिद्ध शनि मंदिर में भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर पर सुबह से ही दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हर रोज हजारों की संख्या में मंदिर पर दर्शन करने के लिए श्रद्धालु आते हैं इसलिए इस मंदिर की खासी मान्यता है। मंदिर के पुजारी धर्मेंद्र जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री योगी बाबा बमबम नाथ सेवा समिति एवं श्री क्षिप्रेश्वर शनि सामाजिक कल्याण समिति द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भगवान श्री शनिदेव के जन्मोत्सव पर तेल से रुद्राभिषेक, पूजन किया गया। इस दौरान मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं ने शनिदेव के श्रृंगार दर्शन किए। साधु संतों द्वारा शिप्रा मां का पूजन अभिषेक कर महाआरती की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महावीर नाथ जी महाराज, चक्रवर्ती श्मशान घाट के महंत सोमवार नाथ जी महाराज, विश्व हिंदू परिषद के अंकित चौबे उपस्थित थे।

# भागवत कथा में सिंधी समाज का संकल्प: एक वर्ष तक नहीं खरीदेंगे सोना, पेट्रोल बचाने और विदेश यात्रा टालने की ली शपथ

## जीवाजीगंज स्थित संत लीलाशाह स्कूल में चल रही है सात दिवसीय कथा, अमरावती के संत डॉ. संतोष कुमार ने दिलाई प्रतिज्ञा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री सिंधु भाईबंध समाज कल्याण एवं उत्थान समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में सिंधी समाज ने राष्ट्रहित में एक अनूठी पहल की है। कथा के दूसरे दिन अमरावती स्थित शिव धारा आश्रम के संत डॉ. संतोष कुमार के आह्वान पर समाजजनों ने राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने के लिए पेट्रोल बचाने, एक वर्ष तक सोना नहीं खरीदने और विदेश यात्रा स्थगित करने की सामूहिक शपथ ली।

समिति अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि यह आयोजन जीवाजीगंज थाने के सामने स्थित संत लीलाशाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में 17 से 23 मई तक प्रतिदिन शाम 4.30 से 7.30 बजे तक किया जा रहा है।

कथा के दूसरे दिन संत डॉ. संतोष कुमार ने शिव-पार्वती विवाह, माता सती के जीवन और राजा दक्ष प्रजापति के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने भगवान विष्णु के 24 अवतारों की जानकारी देते हुए बताया कि राम और कृष्ण पूर्णावतार हैं, जबकि अन्य अवतार अल्प समय के लिए या आवेश अवतार हुए। महाराज जी ने धर्मोपदेश देते हुए कहा कि कलयुग में दान और तप ही मनुष्य के लिए मोक्षदायी हैं। उन्होंने राजा परीक्षित और कलयुग के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि राजा परीक्षित ने कलयुग को रहने के लिए जुआ, मदिरा, चोरी-चकारी और सोना जैसे चार स्थान प्रदान किए थे।

**इन्होंने किया संत श्री का स्वागतः**

कथा के दौरान विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, पूर्व पार्षद गजेंद्र सकलेचा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, आनंद मीणा, क्षेत्रीय पार्षद सपना सांखला, ललित मीणा, अभिषेक लाला, किशोर मुलानी, शानू मेहता और रितेश जटिया ने संत श्री का स्वागत कर आशीर्वाद लिया।

आयोजन समिति और समाज की ओर से सुरेश पुरुस्वानी, प्रकाश थानी, कमल मोटवानी, रीना मोटवानी, लीला राम चंदनानी, प्रेरणा विनोद पमनानी, संतोष तुलसियानी, दिव्या टहलवानी, मनोज आसवानी, लीजा चंदनानी, भगवान सेवाणी, चांदीराम जेठवानी, ताराचंद वासवानी और सोनिया नाथानी ने भी महाराज जी का आत्मीय स्वागत किया।

# शर्मा और जैन को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने पर सम्मान, कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

### कर्मचारियों के हित में करेंगे काम: शर्मा; सिंहस्थ को सफल बनाना हर नागरिक व कर्मचारी का दायित्व: जैन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की जिला व संभाग इकाई द्वारा 17 मई को कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेशचंद्र शर्मा और गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओम जैन का आत्मीय सम्मान किया गया। दोनों नेताओं को शासन द्वारा कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिए जाने पर संघ ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रमेशचंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश के 56 कर्मचारी विभागों में 600 कैडर की अपनी विभिन्न समस्याएं और अपेक्षाएं होती हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी के सहयोग से वे निरंतर कर्मचारी कल्याण और उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य करेंगे। वहीं, ओम जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह उज्जैन का सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री का शहर अब एक विशिष्ट धार्मिक नगरी बनने जा रहा है। आगामी सिंहस्थ को लेकर उन्होंने आह्वान किया कि इसमें न केवल सरकार, बल्कि प्रत्येक कर्मचारी और नागरिक का दायित्व है कि वे बाहर से आने वाले अतिथियों की सेवा कर सिंहस्थ महाकुंभ को सफल बनाएं।

आयोजित स्नेह सम्मेलन में अजा मोर्चा के कन्हैयालाल चौहान, भाजपा नगर महामंत्री आनंद सिंह खींची व कमलेश बैरवा, अमित श्रीवास्तव, उज्जैन विकास प्राधिकरण की संचालक दुर्गा जाटवा, द अग्निपथ के प्रधान संपादक अर्जुन सिंह चंदेल और राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक पुरोहित गरिमामयी उपस्थिति में रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश संगठन मंत्री मनोहर गिरी और जिला सचिव रामसिंह बनिहार ने किया। अतिथियों का स्वागत भाषण जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने दिया तथा आभार मांगीलाल पाटीदार ने माना। आयोजन की मंच व्यवस्था में कार्यकारी जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर, परसराम कापड़िया, डॉ. राजेंद्र शर्मा, सतीश शर्मा, अनोखी लाल शर्मा, राजीव सिंह सेंगर और राकेश पाठक ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के जिलाध्यक्ष व प्रतिनिधि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इनमें कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के मोकम सिंह पटेल, मप्र शिक्षक संघ के जगदीश सिंह केलवा, ऑडिट विभाग संघ व लघुवेतन कर्मचारी संघ के कमलेश मीणा, तकनीकी अतिथि व्याख्याता संघ के दुर्गेश मर्सकोले, राज्य शिक्षक संघ के मोहम्मद हनीफ, प्रांतीय शिक्षक संघ के कैलाश बारोड़, राजकुमार जोशी और पंचायत सचिव सत्यनारायण शामिल थे।

### जिला अध्यक्षों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित कर जिम्मेदारियां सौंपी

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज सभागृह में अजाक्स द्वारा संभाग स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन संभाग अध्यक्ष जगन्नाथ बागड़ी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक की शुरूआत बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, बिरसा मुंडा एवं भगवान बुद्ध के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। बैठक में उज्जैन संभाग के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में अजाक्स पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में मई माह के अंतिम सप्ताह में प्रस्तावित दूसरे मालवांचल अजाक्स सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। सम्मेलन को लेकर विभिन्न जिलों के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव महेश बिरोलिया, प्रदेश सचिव रमेशचंद्र, जिला अध्यक्ष डॉ. रतनलाल परमार, बद्रीलाल पवार, संतोष यादव, डॉ. तारा परमार एवं दयाराम मालवी उपस्थित रहे।

### गढ़कालिका मंदिर विवाद: पुजारियों ने की घटना की निंदा, 'पुजारी सुरक्षा एक्ट' लागू करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के प्राचीन गढ़कालिका मंदिर में बीते दिनों हुए विवाद के बाद पुजारियों में भारी आक्रोश है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए मुख्यमंत्री से मध्य प्रदेश में 'पुजारी सुरक्षा एक्ट' लागू करने की मांग की है। इसके साथ ही कलेक्टर से मांग की गई है कि मंदिर में उत्पात मचाने वाली किन्नर साध्वी के खिलाफ त्वरित एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी ने बताया कि 17 मई को गढ़कालिका मंदिर में एक किन्नर साध्वी ने भारी अराजकता फैलाई। महासंघ का कहना है कि सार्वजनिक स्थल पर आत्मदाह का प्रयास करना या उकसाना अपराध है, इसलिए प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेकर प्रकरण दर्ज करना चाहिए। इस घटना ने छह माह पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर में हुए उस विवाद की यादें ताजा कर दी हैं, जब खुद को नाथ संप्रदाय का बताने वाले महावीरनाथ नामक व्यक्ति ने गर्भगृह से लेकर नंदी हॉल तक विवाद कर अशांति फैलाई थी।

# महिला थाना प्रभारी के बयान पर बवाल: हिंदू संगठनों ने किया पुतला दहन, कार्रवाई की मांग

## सैकड़ों कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन, पुलिस महानिदेशक के नाम सौंपा ज्ञापन; उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मंदसौर की महिला थाना प्रभारी रानी बेग द्वारा दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में हिंदू संगठनों ने तराना के महिदपुर नाके पर जोरदार प्रदर्शन किया। मप्र युवा शिवसेना गौरक्षा न्यास और सर्व कल्याण बजरंग दल के कार्यकताओं ने थाना प्रभारी का पुतला दहन कर पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने अधिकारी के निलंबन या सेवा समाप्ति की सख्त कार्रवाई की मांग की है।

यह प्रदर्शन मप्र युवा शिवसेना गौरक्षा न्यास के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष सिंह चौहान और सर्व कल्याण बजरंग दल के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष मुरली निगम के नेतृत्व में किया गया। इसमें शामिल होने उज्जैन से भी सैकड़ों कार्यकर्ता तराना पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि महिला अधिकारी के बयान से हिंदू संगठनों की छवि को ठेस पहुंची है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस विभाग के कुछ वरिष्ठ अधिकारी संबंधित थाना प्रभारी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई ठोस निर्णय लेकर कार्रवाई नहीं की गई तो नेशनल हाईवे जाम कर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## खबर एक नजर...

### जैन यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा जूनियर क्रिकेट टूनार्मेंट का आगाज :

**उज्जैन।** जैन यूथ क्रिकेट क्लब (जेवाईसीसी) टूनार्मेंट हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 24 अप्रैल से 24 मई 2026 तक क्षीरसागर स्टेडियम,उज्जैन पर खेला जा रहा है । जेवाईसीसी नित नए प्रयोगों से सामाजिक एकता स्थापित करने के प्रयास में नींव का पत्थर साबित हो रहा है । जेवाईसीसी कमेटी मेंबर शैलेन्द्र जैन ने बताया कि इस वर्ष समाज के वरिष्ठ समाजसेवी श्री विजय जी जैन ( नवकार ग्रुप ऑफ कंपनीज) एवं रजनीश जी मिंडा ( गुजरात प्राइड ) द्वारा इस संपूर्ण क्रिकेट टूनामेंट का लाभ लिया गया । जेवाईसीसी क्रिकेट पुरुष /महिला और अब बच्चों के टूनामेंट के आगाज के बाद संपूर्ण परिवार यहां इस मिलन समारोह में शामिल हो रहे है । लगभग 800 लोगों की उपस्थिति में कल दिनांक 16/5/2026 शनिवार को जेवाईसीसी जूनियर क्रिकेट टूनार्मेंट की शुरूआत की गई जहां 10 से 15 वर्ष के लड़कों और 15 से 20 साल तक की लड़कियों ने भाग लिया। लड़कों के वर्ग में ग्रुप अ '४१ ग्रुप इ जिनके कोच क्रमशः विपिन कासलीवाल और विनीत जैन थे ,अपने अपने ग्रुप के मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। लड़कियों में नवकार चैलेंजर्स ने प्रसन्न मनः पर जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की । मैच ऑफ द गर्ल भवी जैन रही । इस टूनामेंट के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जेवाईसीसी के संरक्षक विनोद जी बरबोटा,अमित जी कावड़िया ,श्री रजत जी मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे। विशेष अतिथि के रूप में श्री अरविंद जी जैन(जिला एवं सत्र न्यायधीश जिला रायसेन मध्य प्रदेश) एवं जयंतीलालजी फाफरिया , डॉ सी, के, कासलीवाल , संजीवजी सरावगी उपस्थित रहे । संरक्षक श्री नरेश जी भंडारी , दिनेश जी जैन , स्नेहलता जी सोगानी ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान कर प्रोत्साहित किया। जेवाईसीसी कमेटी मेंबर धीरेन्द्र सेठी,रजत कोठारी , गौरव सूर्या, शैलेन्द्र सरावगी,नितिन पगारिया, संजय सोनी , आशीष जैन , गौरव हरकावत ,अंकुर गादिया एवं आशीष कासलीवाल ने आगामी 18 ,19 ,20 ,21 को क्वार्टर फाइनल ,सेमीफाइनल एवं 24 तारीख को फाइनल में सभी समाजजनों से विराट उपस्थिति में उपस्थित होने की कामना की।

### समिति ने घटना स्थल का निरीक्षण किया

**आलोट।** गाड़ी संख्या 12431 तिरुवनंतपुरम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस के कोच में आग लगने की घटना की जांच हेतु पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह द्वारा गठित उच्चस्तरीय जांच समिति 18 मई, को कोटा मंडल पहुंची। प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी/पश्चिम मध्य रेलवे मनोज गुरुमुखी की संयोजकता में गठित इस 6-सदस्यीय समिति ने घटनास्थल की जांच की एवं लूनीरिच्छा स्टेशन पर जले हुए कोच का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। विशेष तकनीकी दल ने कोच की तकनीकी स्थिति एवं अग्निकांड से संबंधित प्रत्येक पहलू की बारीकी से जांच की तथा घटना से संबंधित कर्मचारियों के बयान दर्ज किए।

### वर्धमान ग्रुप की सभा में बैनर का विमोचन, स्मार्ट क्लास से दी जाएगी नैतिक और धार्मिक शिक्षा

# दिगम्बर जैन समाजः बच्चों में संस्कार रोपने 2 जून से लगेगा शिविर, अमेरिका का पैकेज छोड़ इंदौर के पंडित करेंगे मार्गदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

दिगम्बर जैन समाज के बच्चों और युवाओं में धार्मिक, सामाजिक एवं नैतिक संस्कार विकसित करने के लिए वर्धमान ग्रुप द्वारा 2 से 7 जून तक भव्य 'बाल एवं युवा संस्कार शिक्षण शिविर' आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन ऋषि नगर स्थित श्री आदिनाथ जिनालय और कालिदास मांटेसरी स्कूल में होगा। शिविर की तैयारियों को लेकर आयोजित सभा में कार्यक्रम के बैनर का विमोचन किया गया।

शिविर के निर्देशक इंदौर निवासी पंडित प्रकाश छाबड़ा होंगे। अमेरिका का करोड़ों रुपये का पैकेज छोड़कर धर्म प्रभावना में सक्रिय पंडित छाबड़ा आधुनिक स्मार्ट क्लास और प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को संस्कारित करेंगे। वर्धमान ग्रुप के अनुसार, पिछले वर्ष शिविर में लगभग 485 बच्चों व युवाओं ने भाग लिया था, जबकि इस वर्ष 700 से 800 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। शिविर में भाग प्रथम से लेकर छह ढाला तक की कक्षाएं संचालित की जाएंगी।



**निःशुल्क आवागमन और स्वल्पाहार की रहेगी व्यवस्था**

वर्धमान ग्रुप के अध्यक्ष हितेष-तनु बड़जात्या ने बताया कि शिविर के आमंत्रणकर्ता समाजसेवी स्नेहलता-श्रवण कुमार सोगानी, हितेश-मनीषा जैन और अशोक-चेतन-अभिषेक राणा परिवार हैं। बच्चों को कार्यक्रम स्थल तक लाने-ले जाने एवं स्वल्पाहार की निःशुल्क व्यवस्था ग्रुप द्वारा की जाएगी। ग्रुप के सचिव राजेश-नमिता लुहाड़िया और कोषाध्यक्ष आदिश-खुशी विनायका ने बताया कि आधुनिक जीवनशैली के बीच यह शिविर बच्चों को आत्मकल्याण, सामाजिक और मानवीय कर्तव्यों का बोध कराएगा।

### सभी संगठनों को साथ लेकर चल रही तैयारियां

चेयरमैन पंकज-रेणु जैन ने बताया कि शिविर के मुख्य प्रभारी प्रतीक-कल्पना चौधरी, अकलंक जैन, महावीर-सारिका जैन, धवल-आयुषी दोशी, सलिल-प्राची जैन, विवेक-वंदना जैन एवं अखिलेश-सोनल जैन रहेंगे। संरक्षक संजय-रेखा पांड्या, स्नेहलता सोगानी एवं जिनेंद्र जैन के अनुसार संपूर्ण समाज के इस आयोजन को भव्य रूप देने हेतु विभिन्न ट्रस्ट, सोशल ग्रुप, महिला मंडल एवं युवा संगठनों को साथ लेकर कार्य किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अतिथि भवन में बैठक आयोजित कर विभिन्न समितियों एवं संयोजकों की नियुक्ति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मेघा बाकलीवाल, खुशी विनायका एवं ऋषिका बिलाला द्वारा मंगलाचरण से हुआ। बैठक में धर्मेन्द्र सेठी, राजेश कुंभराज, चेतन राणा, प्रसन्न बिलाला, एडवोकेट राहुल जैन, प्रदीप झांझरी, योगेन्द्र बड़जात्या और मधु कोठारी सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। सभा का संचालन प्रतीक चौधरी ने किया तथा आभार वर्धमान ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष पंकज जैन ने व्यक्त किया।

### अभियान के अंतर्गत तराना में स्वच्छता श्रमदान किया गया

**उज्जैन।** तिलकेश्वर महादेव मंदिर परिसर स्थित गौरीकुंड में किया श्रमदान जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत विकासखंड तराना सेक्टर क्रमांक 1 जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल पर संवाद कार्यक्रम एवं बावड़ी स्वच्छता श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया जिसमें उत्साहपूर्वक ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य तथा नवांकुर संस्था द्वारा सहयोग किया गया तथा कार्यक्रम में ग्राम वासियों ने भी सहभागिता की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महंत मोहन भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष पांच दशनाम जूना अखाड़ा गादीपति तिलकेश्वर महादेव मंदिर के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महंत ओम भारती , महंत शिवानंद, सरस्वती स्वरूप, भारती पुजारी तिलकेश्वर मंदिर द्वारा चर्चा में बताया गया कि तापमान में वृद्धि एवं पर्यावरण संरक्षण संतुलन के भयावह खतरों से अवगत कराते हुए अपने वर्तमान जल गंगा संवर्धन अभियान को इस दिशा में अति आवश्यक बताया।

### कचरा प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करना उद्देश्य

# उज्जैन में कचरे के बदले मिलेगा खाना और सामान, बस स्टैंड पर खुलेगा कचरा कैफे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में नगर निगम 'कचरा कैफे' शुरू करने जा रहा है। यहां नागरिक सूखा कचरा देकर खाद्य सामग्री और जरूरत का सामान प्राप्त कर सकेंगे। यह कैफे नानाखेड़ा बस स्टैंड परिसर में बनाया जाएगा।

नगर निगम ने स्वच्छता और रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह पहल की है। 'उज्जैन कचरा कैफे' नानाखेड़ा बस स्टैंड परिसर में करीब 2500 वर्गफीट क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। यहां लोग प्लास्टिक, कागज, कार्डबोर्ड और अन्य सूखा कचरा जमा कर भोजन,नाश्ता या दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्राप्त कर सकेंगे।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाना और नागरिकों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है। निगम का लक्ष्य कचरे को अलग-अलग (सेग्रिगेट) करने की आदत विकसित करना है, जिससे रीसाइक्लिंग और प्रोसेसिंग बेहतर हो सके।

कैफे का संचालन स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। इससे स्थानीय स्तर पर युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे निगम का मानना है कि यह मॉडल शहर के स्वच्छता अभियान को नई दिशा देगा।

कैफे की स्थापना रॉयल्टी मॉडल होगा। इसमें नगर निगम किसी भी तरह से भुगतान नहीं करेगा इसमें जो भी एजेंसी आएगी वो ज्यादा रॉयल्टी देने का प्रस्ताव देगी उसे ही काम दिया जाएगा ।




तीन दिन के भीतर तीन माह की एडवांस रॉयल्टी जमा करना होगी। वही 50 हजार की परफॉर्मेंस गारंटी निगम में देना होगी जो टेंडर लेगा उसे वही कचरे की लॉग बुक भी रखना होगी नगर निगम ने कैफे के लिए जगह चिन्हित कर ली है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। यदि यह प्रयोग सफल रहता है, तो उज्जैन के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे कचरा कैफे खोले जाएंगे।

### शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं पट्टाभिषेक समारोह होगा

# गंगा दशहरा पर जापान से महामंडलेश्वर सहित 100 जापानी भक्त करेंगे सन्तो के साथ स्नान नीलगंगा से निकलेगी पेशवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नीलगंगा पर इस बार सिंहस्थ से नजारे में विदेशी भक्त भी शामिल होंगे,श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा और अखाड़ा परिषद के सँयुक्त तत्वधान में प्रतिवर्ष होंने वाले गंगा दशहरा पर में जहां नागा साधुओं के पेशवाई में दर्शन होंगे तो वहीं इस बार ब्रह्मलीन महायोगी पायलट बाबा की जापान रहने वाली शिष्य महामंडलेश्वर किको आई कावा ओर 100 जापानी भक्त भी शामिल होंगे।

साथ ही अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और पंचायती अखाड़ा निरंजन के सचिव श्रीमंत रवींद्र पुरी महाराज एवं जूना अखाड़ा के मुख्य संरक्षक और अखिल भारतीय



अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज सहित देश भर से महामंडलेश्वर ,संत महंत, श्री महंत सहित नागा साधु पेशवाई में शामिल होंगे , इस अवसर पर सुबह 8 बजे से संतों की पेशवाई सिंहस्थ पड़ाव स्थल शिवांजली गॉर्डन नीलगंगा से पूरे शाही लवाजमे के साथ प्रारम्भ होगी। पेशवाई में 11 रथों के साथ घोड़े ,बैंड, ढोल कड़ाबिन के साथ नागा साधु अपने देवता को लेकर चलेंगे और अपनी कला का प्रदर्शन भी करेंगे। इसके बाद नीलगंगा सरोवर में स्नान के साथ मां नीलगंगा का पूजन होगा।

समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा नीलगंगा पहुँचकर निशान देवता का पूजन करेंगे,अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन महायोगी पायलट बाबा की इच्छा अनुसार नीलगंगा नीलकंठ पीठाधीश्वर के तौर पर महामंडलेश्वर केको आई कावा(केला गिरी माता ) जापान, महामंडलेश्वर श्रद्धानंद गिरी माता, महामंडलेश्वर चेतनानंद गिरी माता को गंगा दशहरा पर पट्टाभिषेक कर सुशोभित किया जाएगा, आखडा के स्थानीय प्रबंधक डॉ. गोविंद सोलंकी और डॉ. राहुल कटारिया ने बताया कि महाआरती के साथ सवा क्विंटल हलवे का भोग लगेगा, गंगा दशहरा पर एक और जहां सुबह पेशवाई और संतों का स्नान होगा, तो वही संध्या में मां नीलगंगा का आकर्षक श्रंगार कर मां गंगा की आरती की जाएगी, वही वेणु नाद नृत्य अकादमी की बालिकाओं द्वारा गंगा स्तुति की अनुपम प्रस्तुति होगी। साथ ही क्षेत्र वासियों के लिए शिवांजली गार्डन में भंडारे का आयोजन रखा गया है।

# बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने श्रीवैदेही सेवा प्रकल्प का सराहनीय प्रयास

### सांध्यकालीन आत्मरक्षा शिविर का शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



बालिकाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक एवं आत्मरक्षा के प्रति सक्षम बनाने के उद्देश्य से श्री श्रीसीताराम शिव संकल्प संस्थानम् की महिला इकाई श्रीवैदेही सेवा प्रकल्प द्वारा नगर में बालिकाओं के लिए सांध्यकालीन आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को इस शिविर का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में उप जेल मंडलेश्वर की जेलर श्वेता मीणा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्वेता मीणा ने कहा कि वर्तमान समय में बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन न केवल स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत आधार प्रदान करते हैं। समाज में विभिन्न कारणों से उत्पन्न होने वाली आपराधिक एवं विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति, विशेषकर बालिकाओं में धैर्य, आत्मविश्वास एवं आत्मरक्षा का कौशल होना अत्यंत जरूरी है।उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में मानसिक एवं शारीरिक मजबूती बनाए रखने के लिए आहार और विचार दोनों की शुद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्रीमती मीणा ने घर में बने पौष्टिक भोजन, हरी सब्जियों तथा मोटे अनाज को दैनिक आहार में अनिवार्य रूप से शामिल करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित अभ्यास के माध्यम से स्वयं को सशक्त बनाने की प्रेरणा दी।जेलर श्वेता मीणा ने श्री श्रीसीताराम शिव संकल्प संस्थानम् एवं श्रीवैदेही सेवा प्रकल्प द्वारा बालिकाओं के हित में किए जा रहे इस प्रकार के सामाजिक एवं प्रेरणादायी आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया। कार्यक्रम के दौरान श्रीवैदेही सेवा प्रकल्प की सह संगठन मंत्री अर्चना पाटीदार, कोर ग्रुप सदस्य रानी अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मालती बड़ोले एवं नूतन केवट द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

शिविर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारीसंस्था द्वारा आयोजित यह आत्मरक्षा एवं सिविल प्रशिक्षण शिविर 17 मई से 25 मई तक संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर का आयोजन जूना श्री राम मंदिर, मंडलेश्वर में किया जा रहा है। इसमें 10 वर्ष से अधिक आयु की केवल बालिकाएं भाग ले सकती हैं।



# पाक्सो कानून पर बनी प्रेम संहिता फिल्म का औपचारिक उदघाटन हुआ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

नगर में पॉक्सो कानून पर बनने वाली 'प्रेम संहिता' फिल्म का औपचारिक उदघाटन हुआ। जिसमें फिल्म से जुड़ी टीम, पुलिस और जेल अधिकारी शामिल हुए। थाना प्रभारी पंकज तिवारी, महेश्वर थाना प्रभारी जगदीश गोयल, उप जेल जेलर श्वेता मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे के द्वारा फीता काट कर फिल्म का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर और पेशे से वकील कार्तिक जोशी ने कहा एक दिन अचानक वकील दोस्तों के साथ बैठे हुए विचार आया कि पॉक्सो एक्ट जागरूकता के लिए गांव-गांव जाना चाहिए। लेकिन दोस्तों ने इस पर फिल्म बनाने की सलाह दी। बचपन से ही लिखने और रंगमंच पर अदाकारी ने इस विचार को और हवा दे दी। फिल्म का कहानी पर जोशी कहते हैं वर्तमान में पॉक्सो कानून के तहत देश की जेलों में करीब डेढ़ लाख युवा कैद हैं और इनमें ऐसे हजारों युवा हैं जो प्रेम संबंधों के चलते जेल में बंद तो हैं लेकिन जेल के बाहर वह एक बच्चे के पिता भी बन गए हैं। लेकिन कानून के चलते उन्हें जेल में बंद रहना पड़ रहा है।जोशी कहते हैं एक युवा को जेल होने पर कई जिंदगियां खराब हो जाती हैं।

# महाविशाल बैकुंठनाथ श्री लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ आज से प्रारंभ

### भव्य कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ, 25 मई को पूणार्हुति एवं महाप्रसादी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

मंडन मिश्र की नगरी मंडलेश्वर के पावन नर्मदा तट ब्राह्मण घाट पर महाविशाल बैकुंठनाथ श्री लक्ष्मी नारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ का शुभारंभ आज मंगलवार, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सुदी तृतीया से अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया जा रहा है।

इस विराट धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।महायज्ञ के आयोजक श्री श्री 1008 महंत राघवदास जी त्यागी, उज्जैन (वर्तमान आश्रम चिनगुन करही) के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में यह दिव्य आयोजन संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर आज प्रातः 8 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, कलश यात्रा नर्मदा जी श्रीराम घाट से कहार मोहल्ला ,काशी विश्वनाथ मंदिर से नर्मदा तट ब्राह्मण घाट पर पहुंचेगी जिसमें श्रद्धालुजन, मातृशक्ति एवं धर्मप्रेमी शामिल होंगे।इसके पश्चात वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार दशविधि स्नान, प्राश्चित, पंचांग कर्म एवं यज्ञशाला प्रवेश का कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे संपन्न होगा। वहीं बुधवार प्रातः 8 बजे मंगल देवता आह्वान, स्थापना एवं विधिवत यज्ञ प्रारंभ किया जाएगा।आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ का समय प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक एवं सायंकाल 5 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, धार्मिक अनुष्ठान एवं विशेष पूजन कार्यक्रम संपन्न होंगे। महायज्ञ में यज्ञ ब्रह्मा दिलीप जी सोहनी संस्कृत पाठशाला आचार्य महेश्वर, यज्ञ उपाचार्य दिलीप दास त्यागी एवं यज्ञाचार्य पंडित श्री दीपेश जी उपाध्याय (मंडलेश्वर) द्वारा विधि-विधान एवं वैदिक परंपरा के अनुसार अनुष्ठान संपन्न कराए जाएंगे। महायज्ञ की पूणार्हुति एवं महाप्रसादी 25 मई, सोमवार को आयोजित होगी। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यज्ञ में सहभागिता करें।

# आलीराजपुर मंडी में कच्चे आमों की खुली नीलामी का किया शुभारंभ

### मंडी में आए पहले ढेर की बोली 12.100 रुपये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



कृषि उपज मंडी आलीराजपुर में आज से कच्चे आमों की खुली नीलामी का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत एवं कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की उपस्थिति में हुआ। शुभारंभ से अतिथियों ने मंडी प्रांगण स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद किसान को तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर आम की खुली नीलामी प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया गया।

मंडी प्रबंधन ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती खरत एवं कलेक्टर श्रीमती माथुर की उपस्थिति में आज की नीलामी में आम के पहले ढेर की बोली 12 हजार 100 रुपये में लगी। उन्होंने बताया कि आज मंडी में लगभग 250 किसान पहुंचे थे। मंडी में जिले सहित अन्य जिलों से भी व्यापारी आम खरीदने आए थे। किसानों द्वारा हापुस, देसी आम, लगंडा सहित विभिन्न किस्मों के आम ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों से मंडी में लाए गए। आलीराजपुर मंडी में आम की खुली नीलामी की जाती है, जिससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य प्राप्त होता है। नीलामी में शामिल किसानों ने बताया कि वे कई वर्षों से यहां आम बेचने आ रहे हैं। इस अवसर पर कलेक्टर कहा कि जिले की प्रमुख उद्यानिकी फसल आम है.

# 61 वर्षीय मरीज के पेट से निकाला सात किलो का ट्यूमर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर



ऑल इज वेल हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक बार फिर उत्कृष्ट चिकित्सा विशेषज्ञता का परिचय देते हुए बेहद जटिल और संवेदनशील ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। अस्पताल की अनुभवी सर्जिकल टीम ने ६१ वर्षीय बुजुर्ग के पेट से लगभग ७ किलोग्राम वजन का विशालकाय 'रेट्रोपैरिटोनियल ट्यूमर' निकालकर उन्हें नया जीवन दिया। खास बात यह रही कि ट्यूमर से घिरे तीन मुख्य अंगों किडनी, प्लीहा और अग्न्याशय को पूरी तरह सुरक्षित बचा लिया गया।

मरीज पिछले 4 वर्षों से पेट में बढ़ती हुई विशाल गांठ के साथ जीने को मजबूर था। हाल के दिनों में दर्द इतना असहनीय हो गया था कि उठना-बैठना और रोजमर्रा के काम करना भी दूभर हो गया था। परिजनों ने उन्हें ऑल इज वेल हॉस्पिटल में दिखाया, जहां डॉक्टरों ने तुरंत स्थिति को गंभीरता से लिया।

सीटी स्कैन में मरीज के पेट में करीब 26 23 20 सेंटीमीटर आकार का विशाल ट्यूमर मिला। इसका वजन लगभग 7 किलो था और यह पूरे पेट में फैल चुका था। दबाव के कारण मरीज की आंतें पूरी तरह दाईं तरफ खिसक गई थीं। ट्यूमर ने बाईं किडनी को पूरी तरह जकड़ लिया था और प्लीहा व अग्न्याशय से भी बुरी तरह चिपका हुआ था। जरा सी चूक से अंगों को भारी नुकसान हो सकता था। ऑल इज वेल हॉस्पिटल की अनुभवी टीम ने इसे चुनौती की तरह लिया। घंटों चली जटिल सर्जरी में डॉक्टरों ने सूझबूझ और आधुनिक तकनीकों से न सिर्फ ट्यूमर को सफलतापूर्वक बाहर निकाला, बल्कि तीनों महत्वपूर्ण अंगों को बिना नुकसान पहुंचाए पूरी तरह सुरक्षित बचा लिया। इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में मुख्य रूप से डॉ. गौरव सिंह परदेसी जनरल सर्जरी, कंसलटेंट जनरल एवं मिनिमल एक्सेस सर्जरी) और डॉ. दीपक के. भोजवानी जनरल सर्जरी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, कंसलटेंट ऑन्कोलॉजिस्ट) शामिल रहे। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार सफल ऑपरेशन के बाद मरीज अब पूरी तरह स्थिर और स्वस्थ है।

# भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन होटल देव रेजिडेंसी में किया गया । प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस 16 मई शनिवार को 7 सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति, संगठनात्मक कार्यपद्धति एवं वैचारिक विषयों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारतीय जनता पार्टी के ध्वज वंदन के साथ हुई।

ध्वज वंदन के बाद अतिथियों द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया गया। प्रथम सत्र की शुरूआत भारत माता, डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वर्ग गीत कार्यालय मंत्री विनोद नागदा ने लिया। वंदे मातरम गान श्रीमती हेमलता धाकड़ द्वारा लिया गया।प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वंदना जी खंडेलवाल, सांसद श्री सुधीर जी गुप्ता, जिला प्रभारी सुभाष जी पटेल, नीमच विधायक दिलीप सिंह जी परिहार, जावद विधायक ओमप्रकाश जी सकलेचा, मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव जी मारु, जिला प्रशिक्षण प्रभारी हरिराम जी शाह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव जी चोपड़ा, वर्ग प्रभारी नरेंद्र जी मालवीय एवं सह प्रभारी राकेश च्चपप्पू ज्जी जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश च्चपप्पूज्ज जैन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्रस्तावना के माध्यम से जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल द्वारा कार्यकताओं को प्रत्येक क्षण पर प्रशिक्षण की बात कही। प्रथम सत्र में सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती एवं देश के सामने चुनौती, जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला, इस सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री कैलाश चावला ने की। इसी क्रम में दूसरे सत्र में विधायक दिलीप सिंह परिहार ने उद्बोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओ के विकास के बारे में अपनी बात रखी, इस सत्र की अध्यक्षता प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेंद्र भटनागर ने की। तृतीय सत्र में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ ने भारतीय जनता पार्टी के विचार पर अपनी बात कार्यकताओं को उद्बोधन के माध्यम से बताई, इस सत्र की अध्यक्षता जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने की। चतुर्थ सत्र में पूर्व जिला महामंत्री मंदसौर विजय जी अटवाल ने कार्य विस्तार योजना पर उद्बोधन के माध्यम से कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया, इस सत्र की अध्यक्षता वीरेंद्र पाटीदार ने की।

पंचम सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा मंदसौर मदनलाल जी राठौर ने वैचारीक अधिष्ठान, एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, पंच निष्ठाओं पर अपने उद्बोधन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया, इस सत्र की अध्यक्षता भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुखलाल पंवार ने की। छटवे सत्र में खातेगांव विधायक आशीष जी शर्मा ने स्थाई कार्यक्रम, बूथ प्रबंधन, मन की बात, आईटी सोशल मीडिया के संबंध में कार्यकताओं को बताया, इस सत्र की अध्यक्षता मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारु ने की एवं अंतिम सातवें सत्र में पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने विभिन्न विषयों पर कार्यकताओं को व्यवहारिक सत्र के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया।



# तमिलनाडु सीएम विजय से मिले कमल हासन

**6 मांगें रखीं, कहा- सरकारी ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च करें, पायरेसी रोकने वाला स्ट्रॉन्ग सिस्टम बनाएं**

अभिनेता और नेता कमल हासन ने शनिवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय से मुलाकात की। उन्होंने तमिल फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी छह मांगें विजय के सामने रखीं।

हासन ने राज्य सरकार से तमिल फिल्मों और डॉक्यूमेंट्री के लिए सरकारी ओटीटी प्लेटफॉर्म शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे दर्शकों को कम कीमत पर कंटेंट देखने का मौका मिलेगा। हासन ने सोशल मीडिया पर सीएम विजय के साथ मुलाकात की फोटो शेयर करते हुए लिखा कि आज उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री भाई विजय से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।



**तमिल फिल्म इंडस्ट्री में कई चुनौतियां-** हासन ने पोस्ट में लिखा कि मुख्यमंत्री विजय ने तमिलनाडु के विकास से जुड़े कई सपने बड़े उत्साह के साथ साझा किए। बैठक के दौरान दिखाई गई विनम्रता और स्नेह से उन्हें गर्व महसूस हुआ। तमिल फिल्म इंडस्ट्री इस समय कई चुनौतियों का सामना कर रही है और उसे तमिलनाडु सरकार के सहयोग व समर्थन की जरूरत है। उन्होंने अंत में लिखा, ईश्वर करे, अच्छाई हमेशा बनी रहे।

**महवश ने चहल संग रिश्ते की अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी**

# युजवेंद्र को एक अच्छे दोस्त की जरूरत थी, मैं दोस्ती अच्छे से निभाती हूं



एक्ट्रेस और कंटेंट क्रिएटर आरजे महवश ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल के साथ अपने रिश्ते को लेकर चल रही अफवाहों पर रिएक्शन दिया। महवश ने कहा कि उनके और चहल के बीच सिर्फ दोस्ती थी।

हाल ही में दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो किया था, जिसके बाद चचाएं तेज हो गईं। इस पर महवश ने पिंकविला को दिए इंटरव्यू में कहा, 'लोगों का यह है ना कि चीजों को बहुत बड़ा बना देते हैं। इतनी कोई बड़ी बात नहीं होती, जब आप खुद उस चीज से गुजर रहे होते हो। दोस्तों में बहस हो गई, अनफॉलो हो गया और बात खत्म। इसमें इतनी बड़ी बात है ही नहीं।'

उन्होंने कहा, 'जिन दोस्तों के साथ आपने छोटी-छोटी बातों पर हंसते हुए वक्त बिताया हो, उनके लिए दिल में बैर नहीं रखना चाहिए। मैं हमेशा उन्हें ऑल द बेस्ट विश करूंगी और मेरी शुभकामनाएं हमेशा उनके साथ रहेंगी।'

## महवश बोलीं- मैं दोस्ती बहुत अच्छे से निभाती हूं

जब उनसे पूछा गया कि क्या उनकी और चहल की दोस्ती से बढ़कर भी कुछ था, तो उन्होंने साफ इनकार कर दिया। महवश ने कहा, नहीं, ऐसा कुछ नहीं था। मैं दोस्ती बहुत अच्छे से निभाती हूं। उस समय उन्हें एक अच्छे दोस्त की बहुत जरूरत थी। महवश ने चहल के मेंटल स्ट्रगल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, जैसा कि उन्होंने अपने पॉडकास्ट में बताया था कि उनके मन में सुसाइडल थॉट्स आ रहे थे। उस समय हम सब कोशिश कर रहे थे कि किसी तरह उनका आईपीएल सीजन अच्छे से निकल जाए। हम सबने मिलकर उनका जितना साथ दे सकते थे, दिया। उन्होंने यह भी कहा, ह्यमेरे लिए बस इतना था कि अपने दोस्त के साथ खड़े रहना है। हम ऐसे वक्त में उनके साथ थे। महवश ने यह भी साफ किया कि अगर आगे उनकी और चहल की मुलाकात होगी, तो सब पहले जैसा ही रहेगा। उन्होंने कहा, हम वैसे ही मिलेंगे जैसे हमेशा मिलते थे। जिन दोस्तों के साथ आपने चाय पर बातें की हों और हर तरह के मजाक किए हों, उनसे दिल में क्या ही रखोगे।




## चहल ने रिश्ते की अफवाहों को पहले ही नकारा

महवश से पहले चहल रिलेशनशिप की अफवाहों को खारिज कर चुके हैं। राज शमानी के पॉडकास्ट में उन्होंने कहा था कि उनके और महवश के बीच सिर्फ दोस्ती है। उन्होंने यह भी बताया था कि इन अफवाहों की वजह से महवश को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा, जिसे लेकर उन्हें काफी बुरा लगा।

## महवश ने अपने पहले प्यार का जिक्र किया

हाल ही में बातचीत में महवश ने कहा कि जो पहला प्यार होता है, वो हमेशा आपको याद रहता है। वो एक इंटेंसिटी थी कि जब मैं अपनी स्कूटी लेके उसकी कोचिंग के बाहर जाकर खड़े हुआ करती थी कि वह बस निकलेगा तो बस देख लूंगी।
उन्होंने आगे कहा था कि सर्दियों में वह सुबह जल्दी उठ जाती थीं, क्योंकि उस लड़के की स्कूल बस उनके घर के सामने से गुजरती थी। वह सुबह 6 बजे अपने स्कूल जाने से पहले बाहर खड़ी होकर बस का इंतजार करती थीं, सिर्फ एक बार उसे देखने के लिए।
बातचीत के दौरान महवश ने एक और मजेदार किस्सा भी शेयर किया। उन्होंने बताया कि एक दूसरा लड़का बाइक लेकर उनके घर के आसपास चक्कर लगाया करता था। जब उनके भाई को इस बारे में पता चला, तो वह उस लड़के को घर ले आए। उसके बाद उस लड़के से एक लेटर लिखवाया गया, जिसमें उसने वादा किया कि वह दोबारा उस घर या मोहल्ले के आसपास नहीं आएगा। बाद में उस लेटर पर लड़के और उसके माता-पिता के भी साइन करवाए गए।



# नई फिल्मः कांस में रिलीज हुआ वामिका की डीसी का ट्रेलर

वामिका गब्बी मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री की सबसे व्यस्त एक्ट्रेसेस में से एक हैं। पिछले महीने भूत बंगला की सफलता के बाद कल ही उनकी नई फिल्म पति पत्नी और वो दो रिलीज हुई है। अब उनकी आगामी फिल्म डीसी रिलीज को तैयार है।

फिल्म का ट्रेलर 79वें कांस फिल्म फेस्टिवल में जारी किया गया है। डीसी से निर्देशक से एक्टर बने लोकेश कनगराज अपना एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। 3 मिनट 13 सेकेंड के इस ट्रेलर में लोकेश कनगराज को देवदास और वामिका को चंद्रा के रूप में दिखाया गया है। ट्रेलर में दिखाया जाता है कि चंद्रा के माता-पिता ने कोलकाता में उसे कई साल पहले अवैध रूप से देह व्यापार में बेच दिया था। अब उसके पास रहने की कोई जगह नहीं है। जल्द ही पता चलता है कि देवदास एक पुलिस वाले और डॉक्टर चंद्रा की हत्या के आरोप में वॉन्टेड है। इसके बाद ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन, खूनखराबा, बम धमाके और गोलीबारी देखने को मिलती है।



# तेजा सज्जा की हनु-मैन अब 3डी में, 25 जून को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

तेलुगु सुपरहीरो फिल्म हनु-मैन एक बार फिर बड़े परदे पर वापसी करने जा रही है। इस बार फिल्म को 3डी फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा, जिससे दर्शकों को पहले से ज्यादा भव्य और रोमांचक सिनेमाई अनुभव मिलने वाला है।

निर्माताओं ने आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि हनु-मैन 3डी 25 जून 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स ने नए पोस्टर के साथ सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह फिल्म पहले दर्शकों के दिलों पर राज कर चुकी है और अब नए अंदाज में लौट रही है। साल 2024 में रिलीज हुई इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता हासिल की थी और भारतीय सुपरहीरो फिल्मों के लिए नई शुरूआत मानी गई थी।

**अगले भाग में ऋषभ शेट्टी की एंट्री से बढ़ा फैंस का रोमांच**



फिल्म की कहानी काल्पनिक गांव अंजनाद्री पर आधारित है, जहां हनुमंथु नाम का एक साधारण युवक भगवान हनुमान की दिव्य शक्तियां प्राप्त करने के बाद लोगों की रक्षा करता है। इसमें तेजा के अलावा अमृता अय्यर, वरलक्ष्मी सरथकुमार, समुद्रकानी और विनय राय ने भी अहम किरदार निभाए थे।

## फिल्म के अगले पार्ट जय हनुमान में ऋ षभ शेट्टी भी नजर आएंगे

निर्देशक प्रशांत वर्मा की यह फिल्म उनके सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली कड़ी मानी जाती है। फिल्म की सफलता के बाद अब इसके अगले भाग जय हनुमान को लेकर भी दर्शकों में काफी उत्साह है। खबरों के मुताबिक, आगामी फिल्म में ऋषभ शेट्टी भी नजर आ सकते हैं। जिनका पहला लुक भी मेकर्स ने बाते साल ही रिवील कर दिया था। ऐसे में अब हनु-मैन 3डी की दोबारा रिलीज को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्सुकता देखने को मिल रही है और माना जा रहा है कि फिल्म एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर बड़ा रिकॉर्ड बना सकती है।

### चेन्नई को 5 विकेट से हराया, ईशान का अर्धशतक, कमिंस को 3 विकेट

# आईपीएल: हैदराबाद प्लेऑफ में पहुंची

### धोनी ने सीएसके के साथ फोटोशूट कराया, गायकवाड के चेपॉक में 1000 रन पूरे, क्लासन के 58 पारियों में 2 हजार आईपीएल रन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेन्नई

सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2026 के 63वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हरा दिया। चेपॉक स्टेडियम में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 180 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने हेनरिक क्लासन और अभिषेक शर्मा की पारियों की बदौलत टीम ने 19 पारियों में टारगेट हासिल कर लिया।

सोमवार को इनिंग्स ब्रेक में एमएस धोनी ने टीम के साथ ग्रुप फोटोशूट कराकर फैंस को खास पल दिया। क्लासन ने सिर्फ 58 पारियों में 2 हजार आईपीएल रन पूरे किए। वहीं ऋतुराज गायकवाड ने चेपॉक में अपने 1000 आईपीएल रन बनाए।

**क्लासन 58 पारियों में 2 हजार आईपीएल रन पूरे किए-** हैदराबाद के बल्लेबाज हेनरिक क्लासन ने आईपीएल में अपने 2000 रन पूरे कर लिए। उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 58 पारियों में हासिल की। इस लिस्ट में टॉप पर 47 पारी के साथ साई सुदर्शन हैं। क्लासन ने आईपीएल में 2000 रन बनाने के लिए सिर्फ 1214 गेंदें खेलीं। वह सबसे कम गेंदों में यह आंकड़ा छूने वाले बल्लेबाजों की सूची में 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पहले नंबर पर 1120 बॉल के साथ आंद्रे रसल हैं।

**चेन्नई ने 3 साल बाद चेपॉक में पहले बल्लेबाजी चुनी-** चेन्नई सुपर किंग्स ने चेपॉक में 3 साल बाद टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इससे पहले सीएसके ने 14 मई 2023 को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ चेपॉक में पहले बैटिंग चुनी थी।

**सीएसके ने पहले ओवर में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया-** चेन्नई ने पारी के पहले ओवर में 17 रन बनाए। यह आईपीएल में सीएसके का पहले ओवर में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले टीम ने 2015 में कोलकाता के खिलाफ ईडन गार्डन्स में पहले ओवर में 19 रन बनाए थे। आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओपनिंग जोड़ी का प्रदर्शन खास नहीं रहा है। टीम का ओपनिंग रनरेट 9.08 रहा, जो इस सीजन सबसे कम है। वहीं औसत 25.84 रहा, जो सिर्फ कोलकाता नाइट राइडर्स (24.33) से बेहतर है।

**इस सीजन पावरप्ले में गायकवाड का स्ट्राइक रेट सबसे कम-** ऋतुराज गायकवाड का आईपीएल 2026 में पावरप्ले के दौरान स्ट्राइक रेट 124.6 रहा है। कम से कम 100 गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों में यह इस सीजन सबसे कम स्ट्राइक रेट है।

**गायकवाड ने चेपॉक में पूरे किए 1000 आईपीएल रन-** रुतुराज गायकवाड ने चेपॉक मैदान पर आईपीएल में अपने 1000 रन पूरे कर लिए। वह इस मैदान पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले चेन्नई के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं। गायकवाड ने 20 गेंदों की पारी में 71.42 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। आईपीएल 2026 में 20 या उससे ज्यादा गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों में यह दूसरा सबसे कम स्ट्राइक रेट रहा। इससे पहले लखनऊ के अर्शिन कुलकर्णी ने आरसीबी के खिलाफ 70.93 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की थी।

**कमिंस कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में दूसरे नंबर पर-** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस आईपीएल में कप्तान रहते हुए 42 विकेट ले चुके हैं। वह कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

**अभिषेक शर्मा ने पूरे किए 500+ रन-** अभिषेक शर्मा आईपीएल में 500+ रन बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले डेविड वॉर्नर 6 बार, जबकि शिखर धवन, केन विलियमसन, ट्रेविस हेड और हेनरिक क्लासेन एक-एक बार यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

**आईपीएल में आज राजस्थान-लखनऊ**

## राजस्थान होम ग्राउंड पर इस सीजन एक भी मैच नहीं जीती



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर

आईपीएल का 64वां मैच राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच खेला जाएगा। मुकाबला जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से होगा प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए राजस्थान हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। राजस्थान इस सीजन में अपने होम ग्राउंड पर अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है।

लखनऊ पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है। राजस्थान 12 पॉइंट्स के साथ छठे स्थान पर हैं। टीम को अपना आखिरी लीग मैच मुंबई के खिलाफ 24 मई को खेलना है। दोनों टीमों के बीच अब तक 7 मैच हुए हैं। आरआर ने 5 और एलएसजी ने 2 मैच जीते हैं। पिछले सीजन के मुकाबले में लखनऊ ने जीत दर्ज की थी। इस सीजन दोनों टीमें दूसरी बार भिड़ेंगी। इकाना स्टेडियम में खेला गया पहला मैच राजस्थान ने जीता था। राजस्थान इस सीजन में ओपनिंग के लिए 15 साल के वैभव सूर्यवंशी पर काफी निर्भर रही है। वैभव ने कई मौकों पर तेज शुरूआत दिलाई है, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें यशस्वी जायसवाल का साथ नहीं मिला। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने कुछ अच्छी पारियां खेली हैं, लेकिन दिल्ली के खिलाफ लगातार विकेट गिरने से वे खुलकर नहीं खेल सके। कप्तान रियान पराग टूर्नामेंट के पहले हाफ में कुछ खास नहीं कर पाए थे, लेकिन पिछले मैचों में उन्होंने लय पकड़ी है। हालांकि, वे हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### कृषि क्षेत्र में नए युग की शुरूआत

## एग्री-टेक पर विजन रखेंगे बुर्जिस गोदरेज



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

लखनऊ में 'अमर उजाला संवाद' के दौरान गोदरेज एग्रोवेट के नवनियुक्त चेयरपर्सन-डेसिग्नेट बुर्जिस गोदरेज एग्री-टेक और भारतीय कृषि के भविष्य पर अपने विचार रखेंगे।

लखनऊ में सोमवार को आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित 'अमर उजाला संवाद' कार्यक्रम में भारतीय कॉरपोरेट और कृषि जगत की निगाहें टिकी होंगी। इस आयोजन के विशेष सत्र 'कृषि तकनीकः नई उड़ान, नए आयाम' में गोदरेज एग्रोवेट के नवनियुक्त चेयरपर्सन-डेसिग्नेट बुर्जिस गोदरेज अपने विचार रखेंगे। यह सत्र ऐसे समय में हो रहा है जब भारतीय कृषि-व्यवसाय और एमएसएमई सेक्टर तकनीकी आधुनिकीकरण और जलवायु परिवर्तन की दोहरी चुनौतियों से गुजर रहे हैं। अमर उजाला संवाद का आयोजन आज लखनऊ के शहीद पथ स्थित द सेंट्रम में हो रहा है।

34 वर्षीय बुर्जिस गोदरेज उद्योग जगत में अपनी रणनीतिक दृष्टि और सस्टेनेबिलिटी (स्थिरता) पर जोर देने के लिए पहचाने जाते हैं। हाल ही में कंपनी के बोर्ड ने उन्हें 14 अगस्त 2026 से आधिकारिक तौर पर चेयरपर्सन नियुक्त करने की घोषणा की है, जो नादिर गोदरेज से नेतृत्व परिवर्तन का एक अहम कदम है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से 'अर्थ सिस्टम्स' में डिग्री और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एमबीए करने वाले बुर्जिस के पास एग्री-वैल्यू चेन को मजबूत करने का गहन अनुभव है। वे इससे पहले कंपनी में कार्यकारी निदेशक, एस्टेक लाइफसाइंसेज के प्रबंध निदेशक और क्रॉप केयर बिजनेस के सीओओ के रूप में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित कर चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने नए बिजनेस मॉडल, कैपिटल एलोकेशन और उत्पाद विकास पर विशेष ध्यान दिया है।

### चीनी निर्यात पर रोक से उड़ी उद्योग की नींदः कीमतों में भारी गिरावट का डर

# 12000 रुपये करोड़ के बकाए पर संकट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने 30 सितंबर तक चीनी निर्यात पर रोक लगा दी है। सरकार के इस फेसले के बाद देश में चीनी मिलों पर 12,000 करोड़ का बकाया का भुगतान कैसे होगा इसे लेकर असमंजस पैदा हो गया है। इस बीच घरेलू बाजार में कीमतों में गिरावट का खतरा भी बढ़ गया है। एथेनॉल ब्लेंडिंग और किसानों पर इसके प्रभाव का पूरा असर समझने के लिए पढ़ें रिपोर्ट।

देश में बढ़ती महंगाई और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण जारी अनिश्चितता के बीच केंद्र सरकार ने 30 सितंबर तक चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। सरकार का यह कदम घरेलू बाजार में चीनी की उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उठाया गया है, लेकिन चीनी उद्योग के विशेषज्ञों ने इस अचानक लिए गए फैसले की कड़ी आलोचना की है। विशेषज्ञों के अनुसार इस कदम से घरेलू बाजार में चीनी के दाम बुरी तरह गिरेंगे, मिलों पर कर्ज का भारी बोझ बढ़ेगा और इसका सीधा नुकसान गन्ना किसानों को उठाना पड़ेगा।

**अस्थिर नीतियां और एथेनॉल ब्लेंडिंग की मांग-** उद्योग जगत का आरोप है कि सरकार के पास चीनी क्षेत्र के लिए कोई स्पष्ट और निश्चित नीति नहीं है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (एनसीएफसीएसएफ) के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश दादेगांवकर ने बताया कि चीनी से जुड़े संगठन पिछले चार वर्षों से चीनी के ऊंचे दाम तय करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने इसके उलट चार बार एफआरपी बढ़ा दिया। दादेगांवकर का कहना है कि इस वजह से चीनी उद्योग पर पहले से ही काफी असर पड़ा है और मौजूदा प्रतिबंध मिलों की वित्तीय स्थिति को और कमजोर कर देगा।

मौजूदा संकट के समाधान के रूप में ठोंबरे ने सुझाव दिया है कि निर्यात प्रतिबंध की भरपाई के लिए सरकार को चीनी-आधारित एथेनॉल की खरीद बढ़ानी चाहिए। पेट्रोल में एथेनॉल के इस्तेमाल को मौजूदा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर देना चाहिए, जिससे चीनी मिलों को आर्थिक सहारा मिल सके।

### वैश्विक सौदों और छवि पर पड़ेगा नकारात्मक असर

वेस्ट इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भैरवनाथ ठोंबरे के अनुसार, घरेलू बाजार में चीनी की कीमतें पहले ही गिरना शुरू हो गई हैं। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि 30 सितंबर तक निर्यात पर अचानक लगी इस रोक से वैश्विक बाजार में भारतीय चीनी मिलों की छवि धूमिल होगी। भारत मुख्य रूप से श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, नेपाल और अरब देशों को चीनी का निर्यात करता है और इस प्रतिबंध से उन कारोबारियों के व्यवसाय खतरे में पड़ गए हैं जिन्होंने इन देशों के साथ पहले ही सौदे तय कर लिए थे।

### किसानों का एफआरपी बकाया चुकाना होगा मुश्किल

निर्यात रुकने से मिलों के नकदी प्रवाह पर असर पड़ने की आशंका है, जिससे किसानों के भुगतान (ऋं ल्लफी४ल्ली१ं३ ५ी ढ४ी या ऋढ) में बड़ी रुकावट आ सकती है। ठोंबरे ने बताया कि अकेले महाराष्ट्र में चीनी मिलों पर ऋढ का करीब 1,550 करोड़ रुपये बकाया है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह कर्ज लगभग 12,000 करोड़ रुपये का है। ऐसे में मिलों के लिए किसानों का बकाया चुकाना बेहद कठिन हो जाएगा। हालांकि गन्ने की खेती का रकबा कम नहीं होगा, लेकिन किसानों को अपनी उपज से पर्याप्त मुनाफा नहीं मिल सकेगा।

### पीएम का स्वीडन दौरा

## वोल्वो मुख्यालय भी जाएंगे प्रधानमंत्री मोदी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विदेश दौरे के दौरान स्वीडन में वोल्वो के मुख्यालय भी जा सकते हैं। उनकी इस यात्रा को दोनों देशों के बीच रक्षा और व्यापारिक रिश्ते के लिहाज से अहम माना जा रहा है। वोल्वो के अधिकारी पीएम मोदी के आगमन से उत्साहित हैं। चार देशों की यात्रा पर यूरोप गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वीडन के समकक्ष उल्फ क्रिस्टर्सन के निमंत्रण पर इस देश का दौरा भी करेंगे। अपनी विदेश यात्रा के तीसरे चरण में स्वीडन आगमन के बाद पीएम मोदी गोथेनबर्ग में वोल्वो के मुख्यालय भी जा सकते हैं। दोनों देशों के बीच अहम समझौते होने की उम्मीद है।

**दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक और साझा मूल्यों पर आधारित-** वोल्वो ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमल बाली ने कहा, पीएम मोदी की यह यात्रा भारत और स्वीडन के संबंधों में एक बहुत ही महत्वपूर्ण और मील का पत्थर साबित होगा। भारत और स्वीडन के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं, जो दोनों देशों के बीच लोकतांत्रिक और साझा मूल्यों, जैसे पारदर्शिता, विश्वास और समझ पर आधारित हैं।

**भारत और स्वीडन के बीच व्यापार-** उन्होंने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास और घरेलू मांग के साथ-साथ डिजिटल और विनिर्माण क्षेत्रों में मौजूद भारतीय प्रतिभा की क्षमताओं को लेकर स्वीडन बहुत आश्वस्त है। इसका लाभ स्वीडिश कंपनियां उठाना चाहती हैं। कमल बाली के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी का दौरा भारत और स्वीडन के बीच व्यापार के और अधिक अवसर खोलेगा और दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा।' भारतीय प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर वोल्वो ग्रुप के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) जेन्स होल्टिंगर ने कहा, पीएम मोदी की यात्रा हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। यह स्वीडन और भारत के बीच मजबूत संबंधों को दिखाने का भी अवसर है।

### प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने चेतायाः हवा-हवाई दांव से बचें बैंक

# वित्तीय प्रणालियां आम आदमी से जुड़ीं रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने वित्तीय बाजारों में अत्यधिक अटकलों के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने वास्तविक अर्थव्यवस्था से जुड़ाव और डिजिटल बुनियादी ढांचे के माध्यम से वित्तीय समावेशन के महत्व पर जोर दिया। यूपीआई की वृद्धि और मुद्रा ऋण योजना के लाभों पर भी प्रकाश डाला।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने शनिवार को वित्तीय बाजारों में अत्यधिक अटकलों और अस्थिरता के जोखिमों के प्रति आगाह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि वित्तीय प्रणालियों को वास्तविक अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों के जीवन से जुड़ा रहना चाहिए। मिश्रा पुणे में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बैंक मैनेजमेंट के 20वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अत्यधिक अटकलें, गैर-जिम्मेदाराना ऋण और अस्थिर उतार-चढ़ाव बड़ी बाधाएं पैदा कर सकते हैं।




मिश्रा ने भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की सराहना की। उन्होंने बताया कि इसने देश भर में बैंकिंग, डिजिटल भुगतान और औपचारिक ऋण तक पहुंच का विस्तार करके वित्तीय समावेशन को बदल दिया है। भारत ने दुनिया के सबसे महत्वाकांक्षी और समावेशी डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में से एक का निर्माण किया है।

उन्होंने जन धन खातों, आधार और मोबाइल कनेक्टिविटी की जेएएम त्रिमूर्ति को बैंकिंग प्रणाली की पहुंच को मौलिक रूप से नया आकार देने वाला बताया। प्रधानमंत्री जन धन योजना ने करोड़ों बैंक रहित नागरिकों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा। आधार ने एक अद्वितीय पैमाने पर सत्यापन योग्य डिजिटल पहचान की व्यवस्था बनाई। मोबाइल कनेक्टिविटी ने पहुंच की अंतिम परत प्रदान की।

### डिजिटल क्रांति से वित्तीय समावेशन

मिश्रा ने भारत के डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र, विशेष रूप से एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) की तीव्र वृद्धि पर प्रकाश डाला। यूपीआई को दुनिया की सबसे बड़ी वास्तविक समय डिजिटल भुगतान प्रणालियों में से एक बताया गया। एक दशक से भी कम समय में भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा वास्तविक समय डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है। 2016-17 में केवल 2 करोड़ लेनदेन से, यूपीआई अब सालाना 25,000 करोड़ से अधिक लेनदेन संसाधित करता है। डिजिटल भुगतान क्रांति की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि पहुंच का लोकतंत्रीकरण है। यह ग्रामीण और शहरी दोनों नागरिकों को समान अंतर-संचालित भुगतान बुनियादी ढांचे के माध्यम से औपचारिक वित्तीय अर्थव्यवस्था में भाग लेने में सक्षम बनाता है। मिश्रा ने कहा कि डिजिटल लेनदेन रिकॉर्ड उन लोगों के लिए औपचारिक ऋण इतिहास बनाने में मदद कर रहे हैं जिनके पास पहले कोई जमानत या बैंकिंग संबंध नहीं थे।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा नुकसान

## शीर्ष 10 कंपनियों का मार्केट कैप 3.12 लाख करोड़ घटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पिछले सप्ताह शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच टॉप-10 में शामिल 9 कंपनियों का मार्केट कैप 3.12 लाख करोड़ घट गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा नुकसान हुआ, जबकि भारती एयरटेल फायदे में रही।

देश के शेयर बाजार में पिछले सप्ताह भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार में जारी बिकवाली के चलते देश की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 9 कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन में कुल 3.12 लाख करोड़ की गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ।

बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,090.2 अंक यानी 2.7 फीसदी टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 532.65 अंकों यानी 2.2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। बाजार में कमजोरी का असर बड़ी कंपनियों के शेयरों पर साफ दिखाई दिया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के रिसर्च प्रमुख अजीत मिश्रा के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, रुपये में कमजोरी और महंगाई को लेकर बढ़ती चिंताओं ने बाजार की धारणा को कमजोर किया। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें 105 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से निवेशकों की चिंता और बढ़ गई। उन्होंने कहा कि महंगे क्रूड ऑयल से आयातित महंगाई बढ़ने, सरकारी वित्तीय दबाव और कंपनियों के मुनाफे पर असर पड़ने की आशंका है। यही वजह रही कि निवेशकों ने बाजार में बिकवाली की।

**रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा नुकसान-** देश की सबसे मूल्यवान कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के मार्केट कैप में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कंपनी का बाजार मूल्य 1,34,445.77 करोड़ घटकर 18,08,420.81 करोड़ रह गया। इसके अलावा कई दिग्गज कंपनियों को भी भारी नुकसान हुआ:- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का मार्केट कैप 52,245.3 करोड़ घटा। टीसीएस की वैल्यू 47,415.04 करोड़ कम हुई। बजाज फाइनेंस को 27,892.28 करोड़ का नुकसान हुआ।

## शुभेंदु का ऐलान- ममता सरकार के भ्रष्टाचार की जांच कराएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने कैबिनेट बैठक में ममता सरकार में हुए भ्रष्टाचार के मामलों और महिला उत्पीड़न की जांच कराने का ऐलान किया है। इसके लिए 2 आयोग बनेंगे। दोनों आयोगों की अध्यक्षता कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे। सरकार ने इमाम, मुअज्जिन और पुजारियों को दिए जाने वाले मानदेय को 1 जून से बंद करने का फैसला किया है। साथ ही महिलाओं को अन्नपूर्णा योजना के तहत हर महीने 3000 रुपए देने, मुफ्त बस यात्रा शुरू करने का ऐलान किया है। बंगाल सरकार ने राज्य सरकार की नौकरियों के लिए अधिकतम आयु सीमा में पांच साल की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया। सातवां वेतन आयोग गठित करने और OBC सूची में बदलाव जैसे अहम निर्णय भी लिए गए।

### ममता ने चुनाव के ऐलान के कुछ घंटे पहले बढ़ाया था मानदेय

पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार ने मार्च में विधानसभा चुनावों के ऐलान के कुछ घंटे पहले ही इमाम, मुअज्जिन और पुजारियों को मिलने वाला मानदेय 500 बढ़ाया था।

इसके बाद राज्य की रजिस्टर्ड मस्जिदों के इमामों को हर महीने 3000 रुपए, जबकि मुअज्जिन और पुजारियों को 2000 रुपए की मदद दी जा रही थी। हालांकि सरकार ने साफ किया है कि छात्रों की कोई भी छात्रवृत्ति योजना बंद नहीं की जाएगी।

### बंगाल कैबिनेट के फैसले-

बंगाल कैबिनेट ने राज्य सरकार की नौकरियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 5 साल बढ़ाने का फैसला लिया। नई व्यवस्था के तहत ग्रुप अ पदों के लिए उम्र सीमा 41 साल, ग्रुप इ के लिए 44 साल और ग्रुप उ-ऊ के लिए 45 साल कर दी गई है। यह नियम 11 मई से लागू होगा। रउ, रळ, डइउ और दिव्यांग उम्मीदवारों को मिलने वाली अतिरिक्त आयु छूट पहले की तरह जारी रहेगी। कैबिनेट ने राज्य में संस्थागत भ्रष्टाचार की जांच के लिए कलकत्ता हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस बिश्वजीत बसु की अध्यक्षता में पैनल बनाने को मंजूरी दी।

### प्यार से नहीं माने तो दूसरा तरीका अपनाएंगे

# योगी बोले- सड़क पर नमाज नहीं पढ़ने देंगे, संख्या ज्यादा है तो कंट्रोल क्यों नहीं करते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूपी में बकरीद से एक हफ्ते पहले सड़कों पर नमाज को लेकर सीएम योगी ने सख्त चेतावनी दी। सोमवार को लखनऊ में अमर उजाला के कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ने दी जाएगी। प्यार से मानेंगे ठीक है, नहीं मानेंगे तो दूसरा तरीका अपनाएंगे। योगी ने कहा, नमाज पढ़नी है तो तय जगह पर पढ़िए। संख्या ज्यादा है तो शिफ्ट में पढ़ लीजिए। हम नमाज नहीं रोकेंगे, लेकिन सड़क पर अराजकता नहीं होने देंगे। सड़कें नमाज पढ़ने या किसी तरह की भीड़ जुटाने के लिए नहीं हैं।

उन्होंने कहा- लोग मुझसे पूछते हैं कि क्या यूपी में सड़कों पर नमाज होती है? मैं कहता हूं- कतई नहीं। सड़कें आम लोगों के चलने के लिए हैं। कोई भी आकर ट्रैफिक डिस्टर्ब करे, यह अधिकार किसी को नहीं है।

योगी ने आगे कहा, ₹उन लोगों ने मुझसे कहा कि साहब कैसे होगा, हमारी संख्या ज्यादा है। हमने कहा- तुम्हारे घर में रहने की जगह नहीं है, तो संख्या कंट्रोल कर लो। सामर्थ्य नहीं है, तो क्यों बेकार में संख्या बढ़ाई जा रही है? सभी को सिस्टम से रहना होगा। सभी को कानून का राज मानना होगा।



### योगी बोले- बरेली में लोगों ने हाथ आजमाया था, ताकत भी देख ली

सीएम योगी ने बरेली में हुए बवाल का भी जिक्र किया। कहा- बरेली में लोगों ने हाथ आजमाया था, ताकत भी देख ली। कानून सभी के लिए बराबर है। किसी को भी सड़क जाम करने या अव्यवस्था फैलाने की छूट नहीं दी जाएगी।

दरअसल, यूपी में सितंबर 2025 में आई लव मोहम्मद को लेकर विवाद हुआ था।



बरेली में मुस्लिम नेता मौलाना तौकीर रजा ने नमाज के बाद धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया था। पुलिस ने रोका तो पथराव हो गया था। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया था।

योगी ने यूपी के विकास और निवेश का जिक्र किया। कहा- पहले प्रदेश की पहचान कट्टा और बम से होती थी, लेकिन अब यहां ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। नकारात्मक माहौल होगा तो ह्यवन डिस्ट्रिक्ट-वन माफियाह्न पैदा होगा। सकारात्मक माहौल होगा तो ह्यवन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्टह्न बनेगा। यूपी में तेजी से निवेश आ रहा है। रोजगार बढ़ रहे हैं। यूपी जल्द 1 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनेगा।

योगी ने कहा- यूपी में पहले महिलाएं दिन में भी बाहर निकलने से डरती थीं। अब वे नाइट शिफ्ट में काम कर रही हैं। सुरक्षित घर लौट रही हैं। अब कोई बेटी से छेड़खानी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा- यूपी अब ह्यबीमारू राज्यह्न नहीं, बल्कि रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। पिछले 6 साल से यूपी लगातार रेवेन्यू सरप्लस में है।

अब प्रदेश को किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ती। यूपी के पास कृषि, इंफ्रास्ट्रक्चर और युवाओं की ताकत जैसी अपार संभावनाएं हैं। सरकार सभी 75 जिलों के संतुलित विकास पर काम कर रही है।

### बंगाल में चुनाव प्रचार के दौरान सड़क पर नमाज का मुद्दा उठाया था

सीएम योगी ने हाल ही में संपन्न हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सड़कों पर नमाज का मुद्दा उठाया था। उन्होंने बंगाल की पूर्व सीएम ममता बनर्जी पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि दीदी सड़कों पर नमाज पढ़वाती हैं और हिंदू त्योहारों पर पाबंदी लगाती हैं। यूपी में कोई सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ सकता। सड़कें यातायात के लिए हैं, नमाज के लिए नहीं।

## मंत्रालय में लगी बुलेट ट्रेन की तस्वीर असली नहीं, रेलवे बोला- यह सिर्फ प्रतीकात्मक फोटो



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

रेल मंत्रालय ने दिल्ली में अपने गेट नंबर 4 पर बुलेट ट्रेन की फोटो लगाई थी। न्यूज एजेंसी अठक ने बताया था कि यह देश की पहली बुलेट ट्रेन का फर्स्ट लुक है। अब न्यूज एजेंसी ने रेलवे अधिकारियों के हवाले से बताया है कि यह बुलेट ट्रेन की तस्वीर असली नहीं, केवल प्रतीकात्मक (रिप्रेजेंटेशनल) है। अगर इससे विवाद होता है, तो इसे हटा भी सकते हैं। रेल मंत्रालय ने भरोसा जताया है कि इसी साल गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच (करीब 50 किमी) देश की पहली बुलेट ट्रेन चलाई जा सकती है।

508 किमी लंबा मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट जापान सरकार की टेक्निकल और फाइनेंसिअल मदद से बन रहा है। यह प्रोजेक्ट गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगा। इसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती समेत 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं। रेलवे मंत्रालय ने बताया कि प्रोजेक्ट में शामिल 12 में से 8 स्टेशनों का नींव का काम पूरा हो चुका है। इनमें वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, आनंद, वडोदरा, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। 17 नदी पुल पूरे हो चुके हैं, जबकि नर्मदा, माही, तापी और साबरमती जैसी 4 बड़ी नदियों पर पुल का काम तेजी से चल रहा है।

### हाथियों को नहाते देख रही थी, नीचे दबी; बच्चे सहित दो लोग बाल-बाल बचे

# कर्नाटक में दो हाथियों की लड़ाई में महिला की मौत

### डुबारे एलीफेंट कैंप में गर्मियों के दौरान जुटते हैं पर्यटक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कर्नाटक के कोडागु (कूर्ग) जिले के डुबारे एलीफेंट कैंप में सोमवार को दो हाथियों की लड़ाई के दौरान एक महिला पर्यटक की मौत हो गई। एक हाथी धक्का लगने से बैलेंस खो बैठा और महिला के ऊपर गिर गया। इससे महिला की दबकर मौत हो गई।

वहीं एक पुरुष और उसकी गोद में एक बच्चा बाल-बाल बच गए। अधिकारियों के मुताबिक, तमिलनाडु निवासी तुलसी (33) अन्य पर्यटकों के साथ नदी किनारे खड़ी होकर हाथियों को नहलाते हुए देख रही थीं। नदी में 6 से 7 हाथी थे। उनके साथ महावत भी थे।

तभी कंजन और मातंर्डा नाम के दो हाथी हिंसक होकर बेकाबू हो गए। दोनों एकदूसरे पर हमला करने लगे। इस दौरान चीख-पुकार मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

डुबारे एलीफेंट कैंप कोडागु जिले में कावेरी नदी के तट पर एक प्रमुख इको-टूरिज्म और हाथी ट्रेनिंग सेंटर है। इसके मैनेजमेंट की जिम्मेदारी कर्नाटक वन विभाग और जंगल लॉजेस एंड रिसॉर्ट्स के पास है।





गर्मियों के दौरान यहां बड़ी संख्या में पर्यटक जुटते हैं और महावतों से उनके व्यवहार और ट्रेनिंग के बारे में सीखते हैं। वे महावत के साथ हाथियों को नदी में नहलाने में भी मदद करते हैं। उन्हें केले और गन्ने भी खिलाते हैं। कैंप के आसपास के जंगलों में लोग ट्रैकिंग करने भी जाते हैं। कावेरी नदी में राफ्टिंग की सुविधा भी है।

डुबारे एलीफेंट कैंप में महिला पर्यटक की मौत के बाद राज्य सरकार ने सख्त सुरक्षा नियम लागू किए हैं। अब पर्यटक हाथियों के साथ सेल्फी नहीं ले सकेंगे और उन्हें खाना खिलाने या नहलाने की अनुमति भी नहीं होगी। वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि पर्यटक वन्यजीवों से दूरी बनाए रखें। हाथियों की सूंड छूने या उनके पास खड़े होकर फोटो खिंचवाने पर रोक लगा दी गई है। सरकार ने पर्यटकों को हाथियों को नहलाने, गुड़, केला या अन्य खाद्य पदार्थ खिलाने जैसी गतिविधियों की अनुमति नहीं देने का फैसला किया है।

### नॉर्वे ने भारत में सौ अरब डॉलर निवेश करने का ऐलान किया

# प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्वे के पीएम स्टोर संग हरित रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

ब्रह्मास्त्र ›› ओस्लो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर संग दोनों देशों के बीच पर्यावरण, सततता, स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने की घोषणा की।

दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने और भारत-नॉर्वे के संबंधों को ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप (हरित रणनीतिक साझेदारी) तक बढ़ाने का ऐलान किया। इस साझेदारी के तहत नॉर्वे भारत में वाणिज्यिक, तकनीकी और सतत ऊर्जा क्षेत्रों में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगा। इससे भारत में 10 लाख नए रोजगारों के सृजन की उम्मीद है। दोनों देशों ने स्वास्थ्य, व्यापार, डिजिटल विकास, एआई, नवाचार, तकनीकी क्षमता क्षेत्रों में भी परस्पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।

मोदी सोमवार को पांच देशों के अंतरराष्ट्रीय दौरे के चौथे पड़ाव नॉर्वे पहुंच गए। इस यात्रा का मकसद भारत-नॉर्वे के रणनीतिक और आर्थिक संबंधों को नई ऊर्जा देना है। प्रधानमंत्री मोदी और उनके समकक्ष स्टोर ने द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। संयुक्त बयान में बताया गया कि कहा कि भारत-नॉर्वे के बीच उन्नत हरित रणनीतिक साझेदारी दोनों देशों को ज्ञान साझा करने, संसाधनों के प्रबंधन और हरित बदलाव से जुड़ी महत्वाकांक्षाओं पर सहयोग करने के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करेगी। दोनों नेताओं के बीच व्यापार और निवेश, ऊर्जा परिवर्तन, अंतरिक्ष सहयोग और उभरती प्रौद्योगिकियों पर चर्चा हुई। महासागर शासन, अनुसंधान और उच्च शिक्षा, आर्कटिक और ध्रुवीय सहयोग बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। स्टोर ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग का नया अध्याय शुरू हो रहा है। बयान में कहा गया कि नॉर्वे की सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की एक रूपरेखा प्रस्तुत की है, जिसका लक्ष्य 10 लाख नौकरियों का सृजन करना है। इस दौरान दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने पर भी बात हुई। इससे पूर्व स्टोर ने एक्स पर लिखा, ह्यप्रधानमंत्री मोदी, नॉर्वे में आपका स्वागत है। यह ऐतिहासिक पल है। 40 साल से अधिक समय में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री का पहला दौरा है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, ह्यपूरा विश्वास है कि इस यात्रा से भारत-नॉर्वे की दोस्ती को और मजबूती मिलेगी। यह अवसर नॉर्डिक क्षेत्र में भारत की भू-राजनीतिक व आर्थिक मौजूदगी को और गहरा करने की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

## सुरक्षा परिषद में भारत के समर्थन का स्वागत

नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने एक सुधारित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता के लिए नॉर्वे के समर्थन को दोहराया। प्रधानमंत्री मोदी ने नॉर्वे के समर्थन का स्वागत किया। पीएम मोदी ने नॉर्वे को जून 2026 में फ्रांस में प्रस्तावित ह्यभारत इनोवेट्स 2026ह्ण में भाग लेने को आमंत्रित किया। उन्होंने दोनों देशों के बीच ह्यस्टार्ट-अप इनोवेशन हबह्ण और ह्यग्रीन इनोवेशन हैकाथॉनह्ण स्थापित करने का सुझाव भी दिया।

नॉर्वे के प्रधानमंत्री स्टोर ने भारत के साथ डिजिटल विकास के क्षेत्र में गहरे जुड़ाव पर जोर दिया। कहा कि डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, डिजिटल सार्वजनिक सहयोग के क्षेत्र में भारत वैश्विक नेता के रूप में उभरा है। दोनों देशों ने एआई, साइबर सुरक्षा, में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। दोनों देशों में तय हुआ



डिजिटलीकरण पर संयुक्त कार्य समूह बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को ओस्लो में तीसरे भारत-नॉर्वे व्यापार और अनुसंधान शिखर सम्मेलन को नॉर्वे के प्रधानमंत्री स्टोर संग संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा,ह्ययह शिखर सम्मेलन मुझे मेरे नॉर्डिक समकक्षों से मिलने का एक शानदार अवसर प्रदान करेगा। बता दें इस सम्मेलन में भारत के साथ नॉर्डिक देशों डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, स्वीडन और नॉर्वे के प्रधानमंत्री शामिल होंगे। इससे पूर्व अप्रैल 2018 में स्टॉकहोम और मई 2022 में कोपेनहेगन में ऐसे दो शिखर सम्मेलन हो चुके हैं।

## नॉर्वे के राजा ने पीएम को सम्मान से नवाजा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार को नॉर्वे के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यग्रैंड क्रॉस ऑफ रॉयल नार्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिटह्ण से सम्मानित किया गया। नॉर्वे के राजा हेराल्ड (पंचम) ने भारत और नॉर्वे के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिए मोदी को इस सम्मान से नवाजा। ह्यग्रैंड क्रॉसह्ण नॉर्वे के हितों और अंतरराष्ट्रीय संबंधों को आगे बढ़ाने में असाधारण सेवा के लिए प्रदान किया जाता है।

# पाकिस्तान ने चीन से मांगी थी परमाणु पनडुब्बी

ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन

एक अमेरिकी समाचार एजेंसी ने पाकिस्तान के उधार के सुरक्षा तंत्र की पोल खेल दी है।

उसने खुलासा किया है कि 2024 में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ग्वादर पोर्ट चीन को सौंपने की योजना बनाई थी और इसके बदले में वह चीन से परमाणु पनडुब्बी हासिल करना चाहते थे। अपने मंसूबे में कामयाब न हो सका पाकिस्तान : मुनीर यदि अपने मंसूबे में कामयाब रहते तो पाकिस्तान की सैन्य क्षमता में रणनीतिक बढ़ावा मिलता। हालांकि, पाकिस्तान की ये योजना कामयाब नहीं हो पाई। बताया गया है कि पाकिस्तान ग्वादर पोर्ट के बदले में चीन से भरपूर सैन्य व अन्य मदद लेना चाहता था। पाकिस्तान ने चीन से वैसे परमाणु पनडुब्बी की मांग की है जिसके पास सेकेंड स्ट्राइक की क्षमता हो। इसके बदले वह चीन को ग्वादर पोर्ट के इस्तेमाल की अनुमति देता। समाचार एजेंसी ने यह सनसनीखेज दावा करने से पहले पाकिस्तान के गोपनीय सैन्य दस्तावेजों की गहन समीक्षा की है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार सेकेंड स्ट्राइक का मतलब दुश्मन अगर पहले हमला करके आपके सारे परमाणु हथियार नष्ट कर दे, तब भी आपके पास इतनी ताकत बची हो कि आप भारी जवाबी हमला कर सकें।



## आत्मनिर्णय पर बातचीत नहीं :ग्रीनलैंड

ब्रह्मास्त्र ›› नूक

ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के विशेष दूत के साथ उनकी बैठक सम्मानजनक और सकारात्मक रही, लेकिन उन्होंने यह साफ कर दिया कि ग्रीनलैंड के लोग आत्मनिर्णय के अपने अधिकार पर कायम हैं। यह किसी भी तरह बातचीत या सौदेबाजी का विषय नहीं हो सकता।

ग्रीनलैंड नाटो सहयोगी डेनमार्क का एक अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र है। ट्रंप पहले कई बार सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए अमेरिका द्वारा द्वीप पर नियंत्रण लेने की वकालत कर चुके हैं। इससे ग्रीनलैंड और डेनमार्क दोनों में संप्रभुता को लेकर चिंताएं और विरोध पैदा हुआ है। डेनिश मीडिया के अनुसार, नील्सन ने अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य और जेफ लैंड्री से मुलाकात के बाद कहा कि ग्रीनलैंड के लोग बिक्री के लिए नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रीनलैंड अमेरिका के साथ अच्छे सहयोग का इच्छुक है।

## बेलारूस और रूस ने संयुक्त अभ्यास शुरू किया

ब्रह्मास्त्र ›› मिन्स्क

बेलारूस ने सोमवार को रूस के साथ संयुक्त अभ्यास शुरू किया है। इस अभ्यास का उद्देश्य बेलारूस में तैनात रूस के परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का अभ्यास करना है। यह जानकारी बेलारूसी रक्षा मंत्रालय ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, अभ्यास में मिसाइल इकाइयां और वायुसेना के विमान शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस दौरान परमाणु हथियारों की डिलीवरी और उनके उपयोग की तैयारी जैसे परिदृश्यों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही, बड़ी दूरी तक गुप्त रूप से सैन्य तैनाती की रणनीति पर भी फोकस रहेगा। बेलारूस ने साफ किया है कि यह अभ्यास पहले से तय था और इसका किसी तीसरे देश के खिलाफ उद्देश्य नहीं है।

## अमेरिका की नाराजगी के कारण इमरान पद से हटे

**वॉशिंगटन/इस्लामाबाद।** अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के 24 फरवरी, 2022 को रूस दौरे से अमेरिका की नाराजगी ने उन्हें पद से हटाने में भूमिका निभाई। द ड्रॉप साइट न्यूज ने एक एक कॉपी जारी की है। यह कॉपी अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत असद मजीद खान ने इस्लामाबाद में विदेश सचिव को भेजा था। इसमें 7 मार्च, 2022 को दक्षिण व मध्य एशिया के लिए अमेरिकी सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू के साथ हुई उनकी बैठक का ब्योरा दिया गया है। अमेरिकी अधिकारी ने पाक राजदूत से कहा कि खान के रूस दौरे ने द्विपक्षीय संबंधों में दरार डाल दी है और संकेत दिया कि अगर प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सफल हो जाता है, तो सब कुछ माफ कर दिया जाएगा। लू ने पाकिस्तानी राजदूत से कहा कि मुझे नहीं पता कि यूरोप इसे किस नजर से देखेगा।

# युद्ध का असर: होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से कतर का गैस निर्यात ठप, इकोनॉमी 8.6 प्रतिशत गिर सकती है

ब्रह्मास्त्र ›› कतर

कतर फारस की खाड़ी में मौजूद एक छोटा-सा रेगिस्तानी देश था, जहां ज्यादातर लोग मोती निकालने और समुद्र से जुड़े छोटे-मोटे कारोबार पर निर्भर थे। फिर प्राकृतिक गैस ने इस देश की किस्मत पूरी तरह बदल दी।

कतर ने 90 के दशक में बड़े पैमाने पर छठऋ यानी लिक्विफाइट नैचुरल गैस बनाकर उसे होर्मुज स्ट्रेट के जरिए दुनियाभर में भेजना शुरू किया। इससे उसे हर साल अरबों डॉलर की कमाई होने लगी। सिर्फ 30 साल में वह दुनिया के सबसे अमीर देशों में शामिल हो गया। लेकिन 28 फरवरी के बाद अचानक सब बदल गया। जंग शुरू होने के बाद होर्मुज स्ट्रेट बंद हो गया और कतर की दुनिया तक पहुंच लगभग कट गई है। युद्ध और तनाव की खबरों ने पर्यटन और




कारोबार पर भी असर डाला है। इससे देश में मंदी का खतरा बढ़ गया है। भारत भी कतर से भारी मात्रा में प्राकृतिक गैस खरीदता है। अलग-अलग रिपोर्टों के मुताबिक, भारत की कुल छठऋ आयात का करीब 40% से 47% हिस्सा कतर से आया है।

कतर में 1971 में नॉर्थ फील्ड नाम का विशाल गैस भंडार मिला था। इसे दुनिया के सबसे बड़े प्राकृतिक गैस भंडारों में गिना जाता है। तब दुनिया में ज्यादातर देशों तक गैस पाइपलाइन के जरिए पहुंचाई जाती थी। समस्या यह थी कि कतर एक छोटा-सा खाड़ी देश है और उससे सीधे यूरोप या एशिया तक पाइपलाइन बिछाना बेहद महंगा और मुश्किल था। तब कतर ने एक बड़ा दांव खेला। उसने अपनी प्राकृतिक गैस को बहुत ज्यादा ठंडा करके तरल, यानी लिक्विड बनाने की तकनीक अपनाई।

## 30 साल पहले जापान के भेजी एलएनजी की पहली खेप

यहीं से कतर एक ऊर्जा महाशक्ति बनकर उभरा। 1996 में जापान को 60 हजार टन छठऋ की पहली खेप भेजी गई। इसके बाद उत्पादन तेजी से बढ़ा और 2010 तक कतर की क्षमता 7.7 करोड़ टन सालाना पहुंच गई।

कतर की 60 फीसदी से ज्यादा कमाई गैस और उससे जुड़े कारोबार से होती रही। इस कमाई ने कतर के रेगिस्तान की तस्वीर बदल दी। जहां कभी कच्ची सड़कें और खाली रेतीले मैदान थे, वहां आज ऊंची-ऊंची कॉर्पोरेट इमारतें, चौड़ी सड़कें और आधुनिक शहर खड़े हैं। शहरों में ऐसी सिंचाई व्यवस्था बनाई गई कि रेगिस्तान के बीच भी हरियाली, घास और चमकीले फूल दिखाई देने लगे। दोहा जैसे शहर आधुनिक महानगरों में बदल गए। कतर ने मेट्रो नेटवर्क बनाया, जो राजधानी दोहा को उत्तर में बसे लुसैल शहर से जोड़ता है। लुसैल में पेरिस जैसे डिजाइन वाला विशाल मॉल बनाया गया और कृत्रिम बर्फ वाला थीम पार्क भी तैयार किया गया। कतर ने साल 2022 में दुनिया का सबसे महंगा फुटबॉल वर्ल्ड कप आयोजित किया। इतना ही नहीं, उसने करीब 600 अरब डॉलर का सॉवरेन वेल्थ फंड बनाया, जिसने लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट, न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग और दुनिया भर की बड़ी संपत्तियों में निवेश किया।

## अंतर ढूंढो...




## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचनशक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-2
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 2 | | 5 | | 1 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 18 | | 14 | | 4 | | 4 | = | 32 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 10 | | 2 | | 8 | = | 5 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 58 | | 8 | | 23 | | 21 | = | 32 / 14 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | श | सी | ते | ग | य | हा | डु | र |
| रा | अ | ल | प्र | क्ल | ला | व | ना | ज | कां | अं |
| य | म | र्जु | हे | रा | दी | भा | म | य | ग | रू |
| इं | र | व | न | म | वा | स | क | त | ज | प |
| प | दा | ह | प्या | दा | तो | है | दे | गो | र | त |
| ह | स | क | प | स | स | व | य | ण | गो | व |
| द | र | न | न | ट्रे | रू | ह | र | मो | विं | द |
| क | र | रा | प | क्ष | प | का | र | चो | ट | ख |
| र | व | त | य | रा | हो | प | य | अ | सिं | अ |
| क | र | ल | प | र्जु | ज | ता | रे | आ | ह | द |
| क | ह | रि | कि | श | न | चि | त्र | व | त | म |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट आज फैसला सुनाएगा


**सुप्रीम कोर्ट आज आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं से जुड़े मामले में फैसला सुनाएगा। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। पिछले सुनवाई 29 जनवरी को हुई थी, जिसमें बेंच ने फैसला सुरक्षित रखा था। इस दौरान राज्यों, नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया ने**



**दलीलें रखी थीं। कोर्ट ने कहा था कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ ही डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है। कोर्ट ने कहा था कि हमारी टिप्पणियों को मजाक समझना गलत होगा। हम गंभीर हैं। कोर्ट जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेगा क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में स्थानीय प्रशासन की विफलता सामने आई है।**

## पिछली सुनवाई में कहा था- मौत पर डॉग फीडर्स भी जिम्मेदार, हर जगह प्रशासन फेल

### महाराष्ट्र में डॉग बाइटिंग के सबसे ज्यादा मामले




*आंकड़े लाख में (साल 2024) | Source- पशुपालन मंत्रालय*



> आवारा कुत्तों के मामले में जिम्मेदारी तय करने से पीछे नहीं हटेंगे
>
> **सुप्रीम कोर्ट**

## कोर्ट ने पिछले साल स्वतः संज्ञान लिया था

यह मामला 28 जुलाई 2025 को शुरू हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों के हमलों और उनसे होने वाली मौतों पर स्वतः संज्ञान लिया था। 11 अगस्त 2025 को कोर्ट ने दिल्ली-ठउफसे 8 हफ्ते के भीतर सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ विरोध होने पर 22 अगस्त 2025 को कोर्ट ने अपने आदेश में बदलाव किया। कोर्ट ने कहा कि जिन कुत्तों में रेबीज नहीं है और जो आक्रामक नहीं हैं, उन्हें नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी इलाके में छोड़ा जा सकता है, जहां से पकड़ा गया था। बाद में मामले का दायरा पूरे देश तक बढ़ा दिया गया। 7 नवंबर 2025 को कोर्ट ने अंतरिम आदेश में राज्यों और ठलअक को हाईवे, अस्पताल, स्कूल और दूसरे संस्थानों के आसपास से आवारा जानवर हटाने को कहा था।

### वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा था- संविधान हमें सभी जीवों के प्रति करुणा रखने का निर्देश देता है

संविधान हमें सभी जीवों के प्रति करुणा रखने का निर्देश देता है। मनुष्य और पशु के टकराव से जुड़े मामलों में यह अदालत अब तक बड़े पैमाने पर वन्यजीवों की रक्षा करती आई है। व्यक्तिगत तौर पर मैं कहना चाहता हूं कि हमारी ओर से किसी पर भी आरोप नहीं लगाए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर जो नकारात्मक प्रचार हुआ है, उसके लिए मैं खेद प्रकट करता हूं। ऐसा उचित नहीं है। फैसला माननीय न्यायालय को ही करना है। सुनवाई से बाहर आकर वीडियो जारी नहीं किए जाने चाहिए।

स्थानीय नगर निगमों को चाहिए कि वे आवारा कुत्तों से निपटने के लिए ज्यादा और बेहतर प्रशिक्षित कर्मचारियों की नियुक्ति करें। कृपया उन जीवों के जीवन के प्रति भी करुणा रखें, जो बोल नहीं सकते। यह दुनिया किसी उच्च शक्ति द्वारा हमें साझा करने के लिए दी गई है। संतुलन और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व जरूरी है।

## आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट बोला- हमारी टिप्पणियां मजाक नहीं

29 जनवरी 2026: जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने कहा था कि कोर्ट निजी पक्षों की दलीलें पूरी कर-के आज ही सुनवाई खत्म करना चाहती है। इसके बाद राज्यों को एक दिन का मौका दिया जाएगा।

**9 जनवरी, 2026: एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर के वकील ने कहा कि सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते। दिल्ली एम्स में गोल्डी नाम का एक कुत्ता है, जो सालों से वहां है लेकिन कभी किसी को नहीं काटा। इस बात पर कोर्ट ने टैगोर के वकील को फटकार लगाते हुए कहा था- ऐसे कुत्तों को अच्छा दिखाने या महान साबित करने की कोशिश न करें।**

8 जनवरी, 2026: जस्टिस नाथ ने कहा था कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं इसलिए काटते हैं। इस पर एक वकील (कुत्तों के फेवर वाले) ने इनकार किया। फिर जस्टिस ने कहा- अपना सिर मत हिलाइए, ये बात मैं पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं।

7 नवंबर 2025: कोर्ट ने शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, रेलवे स्टेशनों आदि से आवारा कुत्तों को हटाने का निर्देश जारी किया। आदेश में कहा गया कि ठिकानों से हटाए गए कुत्ते फिर वहीं वापस नहीं छोड़े जाएं।

**3 नवंबर 2025: मुख्य सचिवों की व्यक्तिगत बुलाने के लिए कहा। जब बिहार के मुख्य सचिव ने चुनाव के कारण छूट मांगी, तो कोर्ट ने यह अनुमति नहीं दी। कहा कि चुनाव में आपकी भूमिका विशेष नहीं है, इसलिए आपको पेश होना ही होगा।**

27 अक्टूबर 2025: राज्यों को फटकार लगाई। कहा कि आवारा कुत्तों के काटने की बढ़ती घटनाओं से देश की छवि को नुकसान पहुंचता है।

**22 अगस्त 2025: पहले के आदेश में बदलाव किया। नसबंदी-टीकाकरण के बाद उन्हें वापस उनके इलाके में छोड़ने को कहा। सार्वजनिक जगहों पर निर्दिष्ट फीडिंग-जोन घोषित करना।**

## आवारा कुत्तों से जुड़े केस की टाइमलाइन

**28 जुलाई 2025**
सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों के हमलों के कारण रेबीज से होने वाली मौतों की घटनाओं पर खुद नोटिस लिया।



**11 अगस्त 2025**
आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-NCR के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया।



**13 अगस्त 2025**
फैसले का विरोध हुआ, **चीफ जस्टिस बीआर गवई** ने फैसले के रिव्यू के लिए 3 जजों की स्पेशल बेंच को केस सौंपा।

**14 अगस्त 2025**
जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया।

**22 अगस्त 2025**
कोर्ट ने आदेश दिया कि पकड़े गए कुत्ते नसबंदी कर छोड़े जाएंगे, खूंखार कैद में रहेंगे।



**3 नवंबर 2025**
सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों केमुख्य सचिवों को तलब किया था, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। इसके बाद कोर्ट ने 7 नवंबर को अपना आदेश देने की बात कही।

**7 नवंबर 2025**
सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला पूरे देश में लागू करने का आदेश देते हुए सभी स्टेट और नेशनल हाईवे से आवारा पशु हटाने को कहा।

**18 दिसंबर 2025**
सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता के प्रतिनिधि से कहा कि अगली सुनवाई पर वीडियो दिखाकर उनसे पूछा जाएगा कि मानवता क्या है।

**7 जनवरी 2026**
सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- कुत्तों के चलते लोग कब तक परेशानी झेलेंगे। स्कूल और कोर्ट कैंपस में कुत्तों की क्या जरूरत है। वे बच्चों-बड़ों को काट रहे, इससे लोग मर रहे हैं।

**8 जनवरी 2026**
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कुत्ते इंसानों का डर पहचान लेते हैं इसलिए काटते हैं। हमने हर कुत्ते को सड़क से हटाने का निर्देश नहीं दिया। उनके साथ नियमों के अनुसार व्यवहार करें।

**9 जनवरी 2026**
एक्ट्रेस शर्मिला टैगोर के वकील ने कहा कि सभी कुत्ते आक्रामक नहीं होते। दिल्ली AIIMS में मौजूद डॉग ने किसी को नहीं काटा। कोर्ट ने फटकार लगाते हुए कहा- कुत्तों को महान साबित करने की कोशिश न करें।

**13 जनवरी 2026**
सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कुत्तों के बुजुर्गों-बच्चों को काटने के सभी मामलों में हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा दिलवाएंगे। क्योंकि इसको लेकर उन्होंने कुछ नहीं किया।

**29 जनवरी 2026**
सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के किसी हमले में चोट या मौत होती है, तो नगर निकाय के साथ डॉग फीडर्स की जिम्मेदारी भी तय की जा सकती है।

■ वर्ष-12 अंक-195 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 19 मई, 2026

## सुभाषितानि

सर्वद्रव्येषु विद्यैव द्रव्यमाहुरनुत्तमम्।
अहार्यत्वादनर्घ्यत्वादक्षयत्वाच्च सर्वदा।।

**भावार्थ :** ज्ञान का सार सभी पदार्थों में सबसे अच्छा है, क्योंकि इसे किसी के द्वारा पराजित नहीं किया जा सकता है; इसका मूल्य नहीं लिया जा सकता, और यह कभी नष्ट नहीं होगा।

मातेव रक्षति पितेव हिते नियुंक्ते कान्तेव चापि रमयत्यपनीय खेदम्।
लक्ष्मीं तनोति वितनोति च दिक्षु कीर्तिम् किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या।।

**भावार्थ :** विद्या माता के समान रक्षा करती है, पिता के समान लाभ करती है, पत्नी के समान थकान दूर करती है, मन को प्रसन्न करती है, सौन्दर्य को प्राप्त करती है और चारों दिशाओं में यश फैलाती है। वास्तव में यह विज्ञान कल्पवृक्ष के समान क्या सिद्ध नहीं करता?

## सम्पादकीयम्

### सर्वोच्चन्यायालये जनहितविवादः

पुनरावर्तनीयानि दुःखदघटनानि : समयं स्थानं च परिवर्तयन्तु, तथैव अराजकपरिस्थितयः पुनः पुनः उत्पद्यन्ते इव। अधुना एव गत नवम्बरमासस्य आन्ध्रप्रदेशस्य श्रीकाकुलममण्डलस्य वेङ्कटेश्वरस्वामीमन्दिरस्य भगदड़ेन नव जनाः मृताः। सा अपि एकस्य बाधायाः पतनेन प्रेरिता आसीत्। ततः पूर्वं-जुलाईमासे-हरिद्वारस्य प्रसिद्धे मानसादेवीमन्दिरे अफवाः अनेकेषां प्राणान् गृहीतवन्तः, जनवरीमासे तु तिरुपतिमन्दिरे भक्तानाम् अत्यधिकप्रवाहस्य कारणेन स्थितिः नियन्त्रणात् बहिः अभवत् एकः महती त्रुटिः। न केवलं धार्मिकस्थलानि वा घटनाः वा; राजनैतिकसभाः अपि घातकाः सिद्धाः अभवन्-यथा गतसप्टेम्बरमासे अभिनेता-राजनेता-परिणतः विजयेन आयोजिता सभा, यस्मिन् जनसमूहस्य नियन्त्रणात् बहिः परिभ्रमणस्य अनन्तरं ३९ जनाः स्वप्राणान् त्यक्तवन्तः। अस्याः घटनायाः अनन्तरं सर्वोच्चन्यायालये जनहितविवादः दाखिलः यत् राजनैतिकसभासु, सभासु च भीडप्रबन्धनस्य मार्गदर्शिकाः निर्गन्तुं याचन्ते स्म तदनन्तरं न्यायालयेन एतत सर्वकारस्य दायित्वम् इति घोषितम्। भीडप्रबन्धनम्ः सार्वजनिकस्थानेषु जनसमूहस्य उफानस्य निवारणं सर्वदा एव एकं चुनौती आसीत्। यदा एकस्मिन् स्थाने समागमस्य जनानां संख्या अपेक्षिताम् अधिका भवति तदा लघुनिरीक्षणस्य अपि विनाशकारी परिणामः भवितुम् अर्हति। राष्ट्रिय-अपराध-अभिलेख-ब्यूरो इत्यस्य आँकडानि सूचयन्ति यत् विगत-त्रिदशकेषु प्रायः ४,००० भगदड़-प्रहाराः अभवन्।

**पेट्रोलस्य डीजलस्य च मूल्येषु 3 प्रत्येकं वृद्धिः;**

## नवीन दराः प्रभावी, कम्पनयः अद्यापि 25-30 हानिम् अनुभवन्ति




ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

पेट्रोल-डीजलयोः मूल्येषु प्रतिलीटरं ३ इत्येव वृद्धिः अभवत्। दिल्लीनगरे अधुना पेट्रोलस्य मूल्यं ९७.७७ प्रतिलीटरं भवति, डीजलस्य मूल्यं तु ९०.६७ प्रतिलीटरं यावत् वर्धितम् अस्ति। एते नूतनाः दराः अद्य मे १५ दिनाङ्के प्रभावे अभवन् प्रायः वर्षद्वये प्रथमवारं मूल्यवृद्धिः अभवत्।

इदानीं तैलकम्पनयः अद्यापि पेट्रोल-डीजलयोः प्रतिलीटरं २५-३० यावत् हानिम् अनुभवन्ति। पेट्रोल-डीजलयोः सह प्रमुखनगरेषु सीएनजी-मूल्यं प्रतिकिलोग्रामं २ पर्यन्तं वर्धितम् अस्ति। दिल्लीनगरे उपभोक्तृभ्यः अधुना एकस्य किलोग्रामस्य इत्यस्य कृते 79.09 दातव्यं भविष्यति। अन्येषां वस्तूनाम् मूल्यानि अपि वर्धयितुं शक्नुवन्ति मालवाहनशुल्कं वर्धयिष्यतेः ट्रक-टेम्पो-भाडा वर्धते, येन अन्यराज्येभ्यः आगच्छन्तः शाकाः, फलानि, किराणां च महत्तराणि भविष्यन्ति।

कृषिव्ययः कृषकाः ट्रैक्टर-पम्पिंग-सेट्-सञ्चालनार्थं अधिकव्ययस्य सामनां करिष्यन्ति, येन खाद्यधान्यस्य मूल्ये वृद्धिः भविष्यति। बस-आटो-भाडाः सार्वजनिकयानस्य, विद्यालयबसस्य च भाडानां वृद्धिः अपि द्रष्टुं शक्यते। पेट्रोलस्य डीजलस्य च मूल्यवृद्धिः किमर्थं आवश्यकी आसीत् अस्य मूल्यवृद्धेः प्राथमिककारणं अन्तर्राष्ट्रीयविपण्यस्य अन्तः कच्चे तैलस्य मूल्येषु अस्थिरता अस्ति। इरान्-अमेरिका-देशयोः मध्ये द्वन्द्वस्य प्रारम्भात् पूर्वं कच्चे तैलस्य मूल्यं प्रति बैरल् ७० डॉलर आसीत्; ते अधुना प्रतिबैरल् १०० डॉलरस्य चिह्नं अतिक्रान्तवन्तः। कच्चे तैलस्य वर्धमानेन मूल्येन तैलकम्पनयः महत्त्वपूर्णवित्तीयदबावे स्थापिताः आसन्। फलतः कम्पनीभिः स्वस्य हानिः प्रतिपूर्तिं कर्तुं एतत् पदं कृतम् अस्ति। यदि कच्चे तैलस्य मूल्येषु वृद्धिः दीर्घकालं यावत् भवति तर्हि पेट्रोलस्य डीजलस्य च मूल्येषु अधिकं वृद्धिः भवितुम् अर्हति। समीपस्थेषु देशेषु मूल्यानि वर्धन्ते; अधुना भारते एकः वृद्धिः अद्यावधि पश्चिम एशियायां द्वन्द्वस्य कारणेन वैश्विकतैलमूल्यानि वर्धितानि इति तर्कः सर्वकारेण स्थापितः आसीत्। फलतः समीपस्थेषु देशेषु-यथा पाकिस्तान-नेपाल-श्रीलङ्का-देशेषु-पेट्रोल-डीजल-मूल्यानि १५% तः २०% यावत् वर्धितानि; तथापि एषः भारः भारतीयग्राहकानाम् उपरि न प्रसारितः। २०२४ तः मूल्यानि अपरिवर्तितानि; निर्वाचनात् पूर्वं कटौती कार्यान्वितम् देशे पेट्रोलस्य डीजलस्य च मूल्यं मार्च २०२४ तः स्थिरं आसीत्। २०२४ तमे वर्षे लोकसभानिर्वाचनात् पूर्वमेव सर्वकारेण २ प्रतिलीटरमूल्यकर्तनं कार्यान्वितं कृत्वा जनसामान्यं राहतं प्रदत्तम् यद्यपि।

**सेबी विदेशीयनिवेशकानां**

## प्रमुखराहतं प्रदाति, भारते निवेशस्य त्वरिततायै पैन नियमाः शिथिलाः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

भारतीयपूञ्जीबाजारे विदेशीयनिवेशं वर्धयितुं भारतीयप्रतिभूतिविनिमयमण्डलेन (सेबी) महत्त्वपूर्णं कदमम् अङ्गीकृतम् अस्ति। बाजारनियामकेन विदेशीयविभागनिवेशकानां (एफपीआई) कृते पैनकार्डसम्बद्धेषु अनुपालनमान्यतासु शिथिलतायाः घोषणा कृता अस्ति। एषः निर्णयः विदेशीयनिवेशकैः प्रकाशितानां शिकायतां कठिनतानां च श्रृङ्खलायाः अनन्तरं भवति, ये भारते निवेशप्रक्रियायाः कालखण्डे नूतनानां आयकरविनियमानाम् कारणेन तेषां समक्षं स्थापितानां बाधानां विषये ध्यानं आकर्षितवन्तः। सेबी इत्यस्य कथनमस्ति यत् एतेषां नूतनपरिवर्तनानां उद्देश्यं भारते विदेशीयनिवेशकानां निवेशप्रक्रियायाः सरलीकरणं त्वरितीकरणं च अस्ति।

अनिवार्यतया विदेशीय पोर्टफोलियो निवेशकाः भारते निवेशार्थं साधारण-अनुप्रयोग-प्रपत्रस्य उपयोगं कुर्वन्ति। अस्य एकस्य प्रपत्रस्य माध्यमेन तेषां विविधाः प्रक्रियाः पूर्णाः करणीयाः सन्ति, यथा सेबी-पञ्जीकरणं, बैंक-खातं उद्घाटनं, डेमाट्-खातं उद्घाटनं, पैन-प्राप्तिः च परन्तु मार्च २०२६ तमे वर्षे केन्द्रीयप्रत्यक्षकरमण्डलेन नूतनानां पैन-आवेदनप्रपत्राणां कार्यान्वयनानन्तरं अनेके अतिरिक्तविवरणाः अनिवार्याः अभवन् फलतः विदेशीयनिवेशकानां कृते प्रक्रिया अधिकाधिकं जटिला अभवत्। जारीकृते वक्तव्ये सेबी इत्यनेन उल्लेखितम् यत् नूतनपैनविनियमानाम् अन्तर्गतं एफपीआइ-संस्थाः करदातृपरिचयः, प्रतिनिधिविवरणं, अन्येषां आवश्यकदस्तावेजानां च विषये सूचनां प्रदातुं कष्टानि अनुभवन्ति। अनेके निवेशकाः, मार्केट्-हितधारकाः च चिन्ताम् प्रकटितवन्तः आसन् यत् एतेन भारते विदेशीयनिवेशकानां कृते आन्बोर्डिंग्-प्रक्रिया सम्भाव्यतया।

## पर्याप्तप्रमाणानि सन्ति न्यायालयेन अवलोकितं यत् ऐतिहासिकदृष्ट्या

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

न्यायालयेन स्वनिर्णये एतदपि स्वीकृतं यत् भोजशालासङ्कुलस्य संस्कृतव्याकरणसम्बद्धानां शिलालेखानां, सरस्वतीदेव्याः सम्बन्धिनां सन्दभार्णां, प्राचीनहिन्दुवास्तुशैल्याः च पर्याप्तप्रमाणानि सन्ति न्यायालयेन अवलोकितं यत्, ऐतिहासिकदृष्ट्या एतत् स्थलं ज्ञानस्य, शिक्षायाः, धार्मिकपूजायाः च केन्द्ररूपेण कार्यं कृतवान् अस्ति। न्यायालयेन अस्मिन् विषये अयोध्यानिर्णये निर्धारितसिद्धान्तान् अपि उद्धृत्य विवादितधार्मिकस्थलानां प्रकरणेषु ऐतिहासिकपुरातत्त्वसाक्ष्याणां महत्त्वं अपारं भवति इति उक्तम्। मुस्लिमपक्षेण दाखिलानि याचिकाः अङ्गीकृत्य न्यायालयेन राज्यसर्वकाराय सुझावः दत्तः यत्, यदि मुस्लिमसमुदायः आवेदनं प्रस्तौति तर्हि धारमण्डलस्य अन्तः मस्जिदनिमार्णार्थं उपयुक्तभूमिविनियोगस्य सम्भावनायाः।

## राशिफल

**मेष :** आज दिन थोड़ा भागदौड़ वाला रह सकता है। ऑफिस में किसी जरूरी काम को जल्दी पूरा करना पड़ सकता है।

**वृषभ :** आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। रुका हुआ काम आगे बढ़ सकता है। नौकरी करने वालों को राहत मिलेगी।

**मिथुन :** आज किसी पुराने काम को लेकर दौड़भाग करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम ज्यादा रहेगा।

**कर्क :** आज मन थोड़ा भावुक रह सकता है। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। नौकरी में स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह :** आज गुस्से पर कंट्रोल रखना जरूरी रहेगा। छोटी बात को बड़ा बनाने से नुकसान हो सकता है।

**कन्या :** आज थोड़ा संभलकर रहने की जरूरत है। किसी पर जल्दी भरोसा न करें। काम में देरी हो सकती है।

**तुला :** आज का दिन राहत देने वाला रह सकता है। नौकरी में काम की तारीफ हो सकती है। रुका पैसा मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक :** आज लंबे समय से रुका काम पूरा हो सकता है। मन पहले से शांत रहेगा। नौकरी और बिजनेस दोनों में स्थिति बेहतर रहेगी।

**धनु :** आज काम धीरे-धीरे पूरे होंगे। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है। नौकरी और कारोबार दोनों में स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर :** आज काम का दबाव थोड़ा ज्यादा महसूस हो सकता है। ऑफिस में जिम्मेदारी बढ़ सकती है। पैसों की स्थिति सामान्य रहेगी।

**कुंभ :** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। कारोबार में फायदा मिल सकता है। नौकरी करने वालों को राहत मिलेगी।

**मीन :** आज दिन सामान्य रहेगा। काम धीरे-धीरे पूरे होंगे। परिवार का साथ मिलेगा। किसी बात को लेकर ज्यादा तनाव लेने से बचें।

## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य गोचर से इन 3 राशियों की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, बढ़ेगा तनाव और आर्थिक संकट

सूर्य ग्रह ने वृषभ राशि में प्रवेश कर लिया है, जिसका असर सभी राशियों पर पड़ेगा। जानें सूर्य गोचर से किन राशियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं, किसे तनाव और चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

ग्रहों के राजा सूर्यदेव 15 मई 2026, शुक्रवार को वृषभ राशि में प्रवेश कर चुके हैं। आज सुबह 6 बजकर 28 मिनट पर सूर्य ने मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में गोचर किया। ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को आत्मविश्वास, मान-सम्मान, पद और ऊर्जा का कारक माना जाता है, इसलिए उनका राशि परिवर्तन सभी 12 राशियों के जीवन पर विशेष प्रभाव डालता है। सूर्य का वृषभ राशि में प्रवेश कुछ राशियों के लिए शुभ परिणाम लेकर आएगा, लेकिन कुछ राशियों को इस दौरान आर्थिक नुकसान, मानसिक तनाव और कार्यों में बाधाओं का



सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं सूर्य के इस गोचर से किन 3 राशियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

**तुला राशि–** सूर्य के वृषभ राशि में गोचर करने के बाद तुला राशि वालों के लिए समय थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां बढ़ सकती हैं, इसलिए अपनी दिनचर्या और खानपान का खास ध्यान रखें। पुराने विवाद या तनाव दोबारा सामने आ सकते हैं, जिससे मानसिक दबाव महसूस होगा। आर्थिक मामलों में भी सतर्क रहने की जरूरत है। इस समय जल्दबाजी में निवेश करना नुकसानदायक साबित हो सकता है। पैसों के लेन-देन और बड़े वित्तीय फैसले सोच-समझकर ही करें।

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि के जातकों पर सूर्य गोचर का प्रभाव मानसिक तनाव के रूप में दिखाई दे सकता है। छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याएं भी बड़ी परेशानी का कारण बन सकती हैं, इसलिए लापरवाही से बचें। वैवाहिक और प्रेम संबंधों में भी तनाव बढ़ने की संभावना है। रिश्तों में मधुरता बनाए रखने के लिए बातचीत और समझदारी जरूरी होगी। किसी भी बात को लेकर ज्यादा गुस्सा या जिद करने से बचें।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों के लिए सूर्य का यह गोचर थोड़ा सावधानी बरतने वाला रहेगा। शारीरिक थकान या चोट लगने की संभावना बन सकती है, इसलिए वाहन चलाते समय और यात्रा के दौरान सतर्क रहें। किसी भी काम में जल्दबाजी करने से परेशानी बढ़ सकती है। धैर्य और समझदारी से काम लेने पर आप कई मुश्किलों से बच सकते हैं। सूर्य के वृषभ राशि में रहने तक आपको अपने स्वास्थ्य और व्यवहार दोनों पर विशेष ध्यान देना होगा।

## खबर एक नजर...

### जमीन सीमाकंन की बात पर 2 पक्षों में विवाद

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम दुबली में संदीप पिता निर्भयसिंह आंजना 35 साल और मुकेश पिता छगनलाल पाटीदार 48 साल के खेत पास-पास है। जिसके बीच जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। मामला निपटाने के लिये दोनों के बीच भूमि सीमाकंन की बात शुरू हुई, लेकिन बातचीत विवाद में बदल गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। संदीप की ओर से उसके पिता निर्भयसिंह आंजना 70 घायल हो गये। मामला तराना थाना पुलिस के पास पहुंचा तो दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। घायल निर्भयसिंह आंजना का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

### नवनियुक्त शासकीय अधिवक्ताओं को किया सम्मान

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा नियुक्त किये गये नवनियुक्त शासकीय अधिवक्ताओं का सोमवार को उज्जैन जिला अभियोजन संचालनालय के प्रभारी उपनिदेशक राजेंद्र खांडेगर द्वारा पुष्प माला से स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान नवनियुक्त अधिवक्ताओं को भविष्य में उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रोत्साहित कर बधाई दी गई। सम्मान कार्यक्रम में रविंद्र कुशवाह, जय शर्मा, संजय गोयल, अजय पांडेय, महेश यादव, सचिन तेनगुरिया, राजेंद्र सिंह चौहान, हेमंत गिरजे, नारायण डोडिया अतिरिक्त लोक अभियोजक का स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में अभियोजन कार्यालय से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक केलकर और एडीपीओ नितेश कृष्णन, उमेश तोमर, महेश चंद्रावत, जीतेन्द्र चौधरी, हार्दिक देवकर मौजूद थे।

### वृद्ध महिला और पुरूष ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** सोमवार दोपहर 2 थाना क्षेत्रों में रहने वाले वृद्ध महिला और पुरूष ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को परिजनों ने चरक अस्पताल में भर्ती कराया है। जिला अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर चिमनगंज थाना क्षेत्र के गिरीराज रत्न कालोनी से जगदीश पिता मांगीलाल शर्मा 50 साल को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जगदीश ने कुछ दिन पहले भी जहरीला पदार्थ खाया था, जिसकी उपचार के दौरान जान बचा ली गई थी, लेकिन एक बार फिर आत्मघाती कदम उठाया है। दूसरा मामला पंवासा थाना क्षेत्र के ताजपुर का है। प्रकाशबाई पति गुड़ाजी 50 साल ने जहरीला पदार्थ खाया है। जिसका उपचार भी चरक अस्पताल में चल रहा है। दोनों मामलों की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा चिमनगंज और पंवासा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस द्वारा बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### तनाव में चल रही महिला ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** कुछ दिनों से तनाव में चल रही महिला ने सोमवार सुबह फांसी लगा ली। परिजनों ने फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। चिमनगंज थाना एसआई लिबिन खेस ने बताया कि आगररोड स्थित चंदननगर में समरीन पति उमद रहमान 23 साल द्वारा फांसी लगाने की खबर मिलने पर घटनास्थल पहुंचे थे। शव को फंदे से उतारा गया और मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल लाया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि 3 साल पहले शादी हुई थी। कुछ दिन पहले बाइक के सामने कुत्ता आने पर पति घायल हो गया था। चेहरे पर काफी चोंट लगी थी। जिसके बाद से समरीन तनाव में चल रही थी। पति मजदूरी करता है, जिसे उपचार के लिये राजस्थान भी ले जाया गया था।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 567-8 | 126-9 |
| मेन बाजार | 257-4 | 356-4 |
| मिलन डे | 267-5 | 124-7 |
| मिलन नाइट | 244-0 | 239-4 |

1 6 0

## बड़नगर मार्ग पर मुरलीपुरा में हाली की हत्या

# तबले में मिली लाश, खून से सना था फावड़ा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन





बड़नगर मार्ग मुरलीपुरा (मुल्लापुरा) में सोमवार शाम हत्या का मामला सामने आया। महाकाल थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची तो मवेशियों के तबले में खाट पर युवक की लाश पड़ी मिली, पास में खून से सना फावडा पड़ा था। पुलिस आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगालने का काम कर रही है।

महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि शाम 5.30 बजे के लगभग मुरलीपुरा में रहने वाले सुभाष रायकवार ने सूचना देकर बताया कि उसके खेत पर मवेशियों के तबले में हाली का काम करने वाले मुकेश पिता कैलाश नायक 35 साल की हत्या कर दी गई है। एएसआई बलराम और टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। तबले में खाट पर लाश पड़ी थी। सिर और चेहरे पर गहरे जख्म थे। तबले में खून से सना फावडा पड़ा था। जिससे हत्या किया जाना सामने आया। जांच के लिये एफएसएल टीम को बुलाया गया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये गये। मृतक मुल्लापुरा का रहने वाला सामने आया और काफी समय से सुभाष रायकवार के खेत पर मवेशियों को पानी पिलाने, भूख भरने के साथ हाली का काम करता था। बताया जा रहा है कि वह शराब पीने का आदी भी था। थाना प्रभारी के अनुसार फिलहाल मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये चरक अस्पताल भेजा गया है।

### मवेशी नहीं छोड़े तो चला पता

बताया जा रहा है कि तबले में बंधे मवेशियों को दोपहर में छोड़ा जाता था। लेकिन सोमवार को देर शाम तक मवेशी नहीं छोड़े गये तो खेत मालिक सुभाष देखने पहुंचे, उन्हे मुकेश घाट पर पड़ा दिखाई दिया। अंदर जाने पर खून फैला हुआ था। जिसके चलते उन्होने मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी।

### शराब पीने के दौरान विवाद की आशंका

हत्या का घटनाक्रम सामने आने के बाद आशंका जताई गई कि शराब पीने के दौरान मुकेश का किसी से विवाद हुआ होगा और उसके द्वारा फावड़े से वार कर हत्या कर दी गई है। पुलिस इस बात का पता लगाने के लगी है कि मुकेश के साथ कौन-कौन शराब पीता था। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

## होमगार्ड लाइन में जवानों को अग्नि सुरक्षा का प्रशिक्षण



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

प्रशासनिक कार्यालयों और अधिकारियों के बंगलों पर तैनात होमगार्ड जवानों को सोमवार दोपहर होमगार्ड लाइन में जिला सेनानी संतोष कुमार जाट के निर्देशन में अग्नि सुरक्षा और सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जवानों को अग्नि सुरक्षा से बचाव के उपाय, आग के प्रकार और फायर एग्जीग्यूशर का उपयोग कैसे किया जाये इसकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान एडीईआरएफ के साथ नगर निगम की फायर टीम में मौजूद रही। आगजनी के दौरान प्रभावितों को किसी प्रकार से सीपीआर दिया जाये इसका अभ्यास भी कराया गया। जिला सेनानी के अनुसार एक दिवसीय प्रशिक्षण में 40 से अधिक जवान उपस्थित थे। अन्य जवानों को आगमी दिनों में अग्नि सुरक्षा का अभ्यास कराया जायेगा। प्रशिक्षण प्लाटून कमांडर दिलीप बामनिया, पुष्पेन्द्र त्यागी, सूबेदार निमेश मालवीय, एएसआई बीएल सारोल, सैनिक पंकज मंडलोई, पंकज चौहान द्वारा दिया गया।

## शनिचरी अमावस्या पर 1000 लीटर तेल चढ़ा गए भक्त

### अब किसानों को बेचेगा मंदिर प्रशासन, घाट पर छोड़े कपड़ों और जूते-चप्पलों से बनेगा फ्यूल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



शनिवार को शनिचरी अमावस्या के विशेष संयोग पर उज्जैन के त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचे और भगवान शनि को तेल चढ़ाया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद घाट पर कपड़े और जूते-चप्पल भी छोड़ दिए। 24 घंटे में 1000 लीटर से ज्यादा तेल इकट्ठा हुआ है, जबकि बड़ी मात्रा में कपड़े और जूते-चप्पल भी जमा हुए हैं।

तेल की कीमत करीब 1 लाख रुपए देशभर से आए श्रद्धालुओं ने भगवान शनि को तेल अर्पित किया। 24 घंटे में 1000 लीटर से ज्यादा तेल इकट्ठा हुआ। मंदिर प्रशासक कार्तिकिय सिंह सेंगर के अनुसार इसकी कीमत करीब एक लाख रुपए है।

किसानों को पशुओं के लिए मिलेगा तेल मंदिर में जमा तेल को किसानों को बेचा जाएगा। वे इसका उपयोग अपने पशुओं के लिए करेंगे। इससे मंदिर को भी आय होगी।

घाट से कपड़े और जूते-चप्पल हटाए गए श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद घाट पर कपड़े और जूते-चप्पल छोड़ दिए थे। नगर निगम ने सफाई कर इन्हें हटाया। इस काम में करीब 90 सफाई कर्मियों को लगाया गया।

कपड़ों और जूतों का री-यूज किया जाएगा कपड़ों से फाइल कवर और अन्य उपयोगी सामान बनाए जाएंगे। जूते-चप्पलों को मशीन से प्रोसेस कर ईंधन (आरडीएफ) बनाया जाएगा, जिसका उपयोग फैक्ट्रियों और बिजली संयंत्रों में होगा। उपयोगी सामान जरूरतमंदों को दिया जाएगा जो कपड़े और जूते-चप्पल ठीक हालत में होंगे, उन्हें अलग रखा जाएगा और जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराया जाएगा।

## सीसीटीवी में संदिग्ध दिखे, 8 से 10 लाख के नुकसान का अनुमान

# डिस्पोजल गोदाम में पेट्रोल डालकर लगाई आग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन के माधव नगर थाना क्षेत्र के जाल कंपाउंड इलाके में रविवार-सोमवार दरमियानी रात एक गोदाम में पेट्रोल डालकर आग लगाने का मामला सामने आया है। घटना रात करीब 12:30 बजे की है। आग में डिस्पोजल सामान जल गया और 8 से 10 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। गोदाम से तेज लपटें उठती देख स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड और जनप्रतिनिधियों को सूचना दी। कुछ ही देर में आग ने पूरे गोदाम को चपेट में ले लिया।



**सीसीटीवी में संदिग्ध गतिविधियां दिखीं-** पीड़ित युवराज जाट ने बताया कि दोस्त के फोन पर मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज देखे। फुटेज में रात 12 बजे के बाद कुछ युवक संदिग्ध हालत में दिखे। एक युवक जलती पोटली और पेट्रोल अंदर फेंककर वाहन से भागता नजर आया। युवराज के मुताबिक गोदाम में डिस्पोजल सामग्री और व्यापारिक सामान रखा था, जो पूरी तरह जल गया। नुकसान 8 से 10 लाख रुपए बताया जा रहा है।

**तीन दमकलों ने पाया काबू-** सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। फायरकर्मी चिंतामन जायसवाल ने बताया कि मकान राज ठाकुर का है और युवराज किराये से गोदाम चला रहे थे। माधव नगर थाना पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com